कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

www.nnindianews.com

NNI हर खबर पर पक्की नजर

वर्ष :03, अंक :-275, पृष्ठ : 12 | मूल्य- 04.00 रुपये मात्र | सोमवार, 15 अप्रैल, 2024

## हमारी सरकार गरीब और किसानों के हित के लिए करती रहेगी काम

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने एक दिन पहले 14 अप्रैल को अपना घोषणा पत्र जारी किया है। आज सोमवार को सीएम योगी ने लखनऊ में संकल्प पत्र पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मोदी की गारंटी के बारे में बताया। साथ ही भाजपा के 10 साल के कामकाज का लेखा जोखा भी दिया। योगी ने नारा दिया- 80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार... एक बार फिर मोदी सरकार। योगी ने कहा- यह संकल्प पत्र नए भारत, श्रेष्ठ भारत का ब्लू प्रिंट है। गांव, गरीब, महिलाओं, किसान पर फोकस किया गया है। गरीबों के लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर काम होगा, बिजली बिल जीरो करने का संकल्प है। सरकारी भर्ती परीक्षा और पेपर लीक पर लगाम लगाने के लिए और सख्ती करने का संकल्प लिया गया है। देश की सुरक्षा, धार्मिक रक्षा और मजबूत अर्थव्यवस्था का संकल्प है। संसद और विधानसभा में 33% आरक्षण के अलावा महिला आरक्षण को आगे बढ़ाना है। पीएम स्वनिधि योजना से स्ट्रीट वेंडर अब नगर से गांव की ओर बढ़ेगा।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बातचीत में कहा- राहुल गांधी हों, अखिलेश यादव हों या विपक्ष के कोई अन्य नेता हों, उन्हें दृष्टि दोष है। उन्हें भाजपा का विरोध करने का मानसिक रोग हो गया है। आजमगढ़ से भाजपा प्रत्याशी और भोजपुरी एक्टर दिनेश लाल यादव 'निरहुआ'



ने बढ़ती बेरोजगारी के लिए जनसंख्या को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी ने बेरोजगारी रोक दी है।

## रॉबर्ट वाड्रा आज सुबह पहुंचे बांके बिहारी मन्दिर



**मथुरा।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा सोमवार सुबह बांके बिहारी के दर्शन करने के लिए वृंदावन पहुंचे। उन्होंने बांके बिहारी की श्रृंगार आरती की और पूजन-अर्चन किया। अमेठी से चुनाव लड़ने पर कहा- वहां से पुकार आ रही है। मगर परिवार का आशीर्वाद होगा, तभी राजनीति में आऊंगा। मैं चाहता हूं कि देश राहुल और प्रियंका की मेहनत को सझमे। अमेठी में स्मृति ईरानी ने कोई काम नहीं किया। सिर्फ मीडिया में बने रहना चाहती हैं। मंदिर के सेवायत घनश्याम गोस्वामी ने रॉबर्ट वाड्रा को मंत्रों के बीच पूजन-अर्चन कराया। दर्शन करने के बाद मंदिर के पुजारियों ने उनको अंगवस्त्र और प्रसाद भेंट किया। जब वह बाहर आए, तो उनके माथे पर चंदन लगा था और प्रसादी वस्त्र पहने थे। उनके हाथ में मुरली (बांसुरी) भी थी। दर्शन कर वापस जाते समय रॉबर्ट ने वृंदावन की कचौड़ी का भी स्वाद लिया। उन्होंने कहा मैं बांके बिहारी के दर्शन कर बहुत खुश हूं। मेरी प्रार्थना है कि देश में सुख शांति का माहौल हो। उनका पूरा परिवार देश के साथ लगा हुआ है। लोग राहुल-प्रियंका की मेहनत को समझें। मैं उनके लिए प्रार्थना करने आया हूं कि वो सफल हों। देश की आवाज बुलंद करनी है और सेक्युलर देश को आगे रखना है।

## बाबा बफार्नी के दर्शन को हो जाएं तैयार

**नई दिल्ली।** अमरनाथ यात्रा 2024, मंदिर श्राइन बोर्ड ने कल घोषणा की कि 15 अप्रैल यानी आज से भक्तों के लिए एडवांस रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएंगे। जारी एक बयान में, अमरनाथजी श्राइन बोर्ड ने कहा, अमरनाथ यात्रा 2024 के लिए एडवांस रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल, 2024 से शुरू होगा। इसके बाद आगे बोर्ड ने जानकारी देते हुए कहा कि अमरनाथ यात्रा 2024 के कार्यक्रम की जारी किया जा रहा है, जो जून से शुरू हो रहे हैं। बोर्ड ने कहा, श्री अमरनाथजी यात्रा 2024 29 जून, 2024 को शुरू होगी और 19 अगस्त, 2024 को समाप्त होगी। ये यात्रा करीबन 2 महीने तक चलेगी। बाबा अमरनाथ की गुफा जम्मू कश्मीर के श्रीनगर से 141 किमी दूर समुद्र तल से 12,756 फीट की ऊंचाई पर स्थित हैं।









# खंदौली मेला में निकली भव्य शोभायात्रा

एनएनआई

**खंदौली (आगरा)।** कस्बा के प्राचीन श्री मातेश्वरी देवी मेले के तीसरे दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े हजारों की संख्या में महिलाएं और बच्चों ने मेला में लगे मीना बाजार से खरीददारी की और झूलों का आनन्द लिया वही मेले में लगने वाली मिठाई की दुकानों से जलेबी और अन्य मिस्ठान खरीदा और छोटे छोटे बच्चों ने मेले से खिलौनों की खरीददारी की सायं 7 बजे कस्बा के आगरा अलीगढ़ हाईवे पर स्थित पड़ाव चौराहा से लाल मंदिर तक निकलने वाली भव्य शोभायात्रा में श्री राम मंदिर मॉडल झांकी के सामने मुख्य अतिथि क्षेत्रीय भाजपा विधायक डॉ धर्मपाल सिंह ने फीता काटकर माँ काली की सवारी की आरती उतार कर शोभायात्रा की शुरूआत की वही केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफेसर एस पी सिंह बघेल ने मेला में ब्रजकला की नौटंकी का फीता काटकर उदघाटन किया शोभायात्रा पड़ाव चौराहा से चलकर लाल मंदिर पर जा कर समाप्त हुई। शोभायात्रा मे शामिल करीब दो दर्जन झांकियों में पहलीबार वाराणसी की युवकों की आई टीम से काशी के डमरुओं की थाप से गूंज उठा और हाथरस से आई तलवार लेकर आगे चल रही काली की सवारी भी आकर्षण का केन्द्र रही।शोभायात्रा के दौरान दूर दराज के गांवो से आये लोगो की भीड उमड पडी।इस दौरान पुलिस ने सादाबाद से आने वाले वाहनो को एत्मादपुर मार्ग से मुढी चौराहा होते हुये निकाला। मेला में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो.एस पी सिंह बघेल ने कहा कि मेला हमारे पूर्वजों की धरोहर है भारत मे सदियो से मेले लगते चले आ रहे है। मेले से दिल का मिलन होता है। वही विधायक डॉ धर्मपाल सिंह ने कहा कि यह श्री मातेश्वरी देवी का प्राचीन मेला है जो भी श्रद्धालु आता है। और सच्चे मन से माँ मातेश्वरी देवी से मांगता है उसकी मन्नत पूरी होती है। वही रात में ब्रजकला नोटंकी का आयोजन किया गया जिसे देखने के लिये मेला ग्राउंड खचा खच भरा रहा। मेला कमेटी के अध्यक्ष अजय शर्मा उर्फ जर्रा बाबा ने बताया कि सोमवार को रसियो के विराट दंगल के साथ ही मेला का समापन होगा मेला में प्रमुख रूप से रामकुमार शर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा, बब्बू चौहान, बिपिन शर्मा समाजसेवी, गौरव शर्मा पार्षद, भारतेंदु उपाध्याय, सोमू शर्मा, गिरीश पाठक (एडवोकेट), सुशील उपाध्याय,प्रदीप शर्मा, तेजेस गोस्वामी, रिन्कू जिन्दल, आदि थे ।



# के.एस. पब्लिक इंटर कॉलेज में हुई निबंध प्रतियोगिता



एनएनआई

**आगरा।** संविधान शिल्पी, महान शिक्षाविद् भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के 133 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में आज नंदलालपुर स्थित के. एस. पब्लिक इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों के मध्य विद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता का समायोजन डॉक्टर अविनाश सिरोही के नेतृत्व में रचना शर्मा, दीपक कुमार, जया बघेल, सरिता एवं जय प्रकाश ने भली भाँति संपन्न कराया। विद्यालय के प्रबंधक सत्य प्रकाश उर्फ संजय सर ने बताया कि हमारे विद्यालय में समय समय पर देश के महापुरुषों की जयंती एवं पुण्यतिथि पर इस तरह की प्रतियोगिताएँ कराई जाती है, जिससे विद्यार्थियों को जानकारी रहे है कि हमारे पूर्वजों ने देश को एकत्रित करने के लिए कितना संघर्ष किया था।

# डॉ भीमराव आंबेडकर को माल्यार्पण कर किया नमन




**(एनएनआई) अछनेरा।** भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर की 133 वी जयन्ती के उपलक्ष्य में नगर पंचायत किरावली चेयरमैन प्रवीना सिंह ने संविधान निमार्ता डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया चेयरमैन प्रतिनिधि अभिजीत सिंह इंदौलिया ने बताया कि आज भारत रत्न डाक्टर भीमराव अंबेडकर की 133 वी जयन्ती के उपलक्ष्य में पूरे देश में उनकी जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई जा रही है इसी क्रम में आज अछनेरा,किरावली, फतेहपुर सीकरी और अन्य क्षेत्रों में भी देशवासियों ने बाबा भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए उन्हें पुष्प अर्पित किए हैं इस दौरान-चेयरमैन प्रवीना सिंह, अभिजीत सिंह इंदौलिया, गीतम सभासद,कमलेश सभासद, ममता सिंघल सभासद, रामनरेश सभासद, दानिश सभासद, लक्ष्मीकांत सभासद, डोरीलाल इंदौलिया, पप्पू लंबरदार, आर के इंदौलिया, मुरारी, रविन्द्र, सुनील, बंटी, सुरेश, मनीष कुमार, लोकेश डा राजेंद्र, हाकिम,नागेंद्र और अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# संविधान शिल्पी बाबा साहब के आदर्श आज भी हमारे लिए प्रेरणा स्रोत

**(एनएनआई) फतेहपुर सीकरी।** दलितौ, शोषित एवं वंचितों के मसीहा संविधान शिल्पी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के आदर्श हमारे लिए पथ प्रदर्शक हैं। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शबनम मोहम्मद इस्लाम ने अंबेडकर पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा पर उनकी 133 वी जयंती पर माल्यार्पण कर नमन किया। बाबा साहब द्वारा राजनीति की चेतना पैदा करने, शिक्षित बनो, संघर्ष करो एवं संगठित रहो का मूल मंत्र दिया है। हमारे आने वाली पीढ़ियां भी बाबा साहब के आदर्शों से प्रेरणा लेते रहेंगी। अखंड भारत परशुराम सेवा के वालंटियर शिशुपाल कटारा, पुरुषोत्तम वशिष्ठ एवं साथियों ने कार्यालय काठियावाड़ी होटल हाईवे पर जयंती मनाई। दूरामे एमबीडी कॉलेज के प्रबंधक डॉक्टर भूरी सिंह एवं साथियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। बाबा साहब को माल्यार्पण करने के मौके पर मुख्य रूप से बसपा के लोकसभा प्रत्याशी के पुत्र सत्यदेव शर्मा, राजा बाबू कर्दम, विनोद भारती, मनोज कबीरा सहित बड़ी संख्या में अनुयाई मौजूद रहे। वही कस्बे मैं भाजपा नगर अध्यक्ष संजय गोयल ने एवं मीडिया प्रभारी नीरज शुक्ला ने बाबा साहब के चित्र दीप प्रज्वलित कर उन्हें याद किया। इस मौके हरिप्रसाद चौधरी, मुरारी सैनी सभासद, विल्सन कुशवाह, योगेश सैनी मौजूद रहे। ग्राम सभा सराय में बाबा साहब की जयंती मनाई गई। इस मौके पर रिशिपाल सरपंच, समय सिंह, हेतराम, मोनू चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# चाहर खाप ने कराया जाट होली मिलन समारोह



**कागारौल।** गहर्रा की प्याऊ स्थित बी.आर. गार्डन में चाहर खाप के तत्वाधान में रविवार को जाट होली मिलन एवं सम्मान समारोह का एक आयोजन किया गया ' जिसमें समस्त सरदारी ने समाज के महापुरुषों से प्रेरणा लेकर एकजुट होकर समाज को एक सूत्र में बांधने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पधारे अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के संयोजक रामअवतार पलसानिया ने समाज की समस्त सरदारी से बच्चों को अच्छी शिक्षा देने एवं समाज के महापुरुषों की गौरव गाथा से प्रेरणा लेकर समाज को एकजुट होने का आव्हान किया ' कार्यक्रम के अध्यक्ष सेवानिवृत एडिशनल कमिश्नर यादराम वर्मा ने कहा कि चाहर खाप समस्त जाट समाज को एकजुट होने का जो कार्य कर रही है वह निश्चित रूप से प्रशंसनीय है ' होली मिलन समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा कर रहे हैं लोगों को सम्मानित किया गया ' जिसने प्रमुख रूप से कोरोना काल में कोरोना वैक्सीन का सबसे पहले मानव परीक्षण कराने वाले पाली निवासी कोरोना वॉरियर ऋषि जाट और बॉक्सर रामू जाट को सम्मानित किया इस दौरान चाहर खाप ने वीर रामकी चाहर के नाम से कैलेंडर का भी विमोचन किया। इस मौके पर मुख्य रूप से डॉक्टर सुरेश चाहर, राष्ट्रीय संत हरीयोगी जी महाराज, उदयवीर सिंह इ.ड, रणवीर सिंह , कैप्टन उम्मेद सिंह चाहर, लेखराज मास्टर, बच्चू सोलंकी प्रधान पति, चौधरी अजीत सिंह, शैलेंद्र नरवार, मयंक खिरवार, डॉ प्रमोद चाहर, जयप्रकाश चाहर, यदुवीर चाहर मास्टर बीरी सिंह, रामवीर सूबेदार, चौधरी अजीत सिंह, मास्टर बीरी सिंह, बच्चू सिंह नेताजी, महताब सिंह अनिल चाहर, नरेंद्र चाहर, पवन चाहर, प्रभात चाहर, कुमरपाल चाहर, महताब चाहर, सहदेव चार, पुष्पेंद्र चाहर, सुभाष पहलवान , राहुल चाहर ,सचिन चाहर एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# आंबेडकर शोभायात्राः जरार से बाह तक थम गया हाइवे

एनएनआई

**बाह।** संविधानशिल्पी डॉ बीआर आंबेडकर की जयंती पर रविवार को जरार से बाह तक शोभायात्रा का आयोजन हुआ। जिसमें शामिल डॉ आंबेडकर एवं भगवान बुद्ध की डेढ दर्जन झांकियों की जगह-जगह पर पुष्प वर्षा के बीच आरती उतारी गई। शोभायात्रा में उमड़े जनसैलाब की बजह से आगरा-इटावा हाइवे दोनों कस्बों के बीच दो किमी के दायरे में थम सा गया। कार्यक्रम में 214 गांव के 10 हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए। संविधानशिल्पी के संदेश और उनके प्रेरक प्रसंग से जुड़े गीतों पर युवा पीढी जमकर झूमी। शोभायात्रा का शुभारंभ क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी एवं प्रधान प्रतिनिधि उमेश सिसोदिया ने फीता काटकर किया और कहा कि जरार में धर्मशाला का सौंदर्यीकरण कराकर बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित कराई जाएगी। जन्मदिन का केक विशिष्ठ अतिथि बनवारीलाल ने काटा। इस दौरान आयोजन समिति के महावीर प्रसाद, अशोक कुमार, जोधाराम, राजेन्द्र सिंह, मुकेश हिमकर, हाकिम सिंह, भारत सिंह, रामबाबू, राजकपूर, अजय सहगल, सर्वेश कुमार, निरंजन सिंह, रघुराज, प्रमोद, प्रेमबाबू, झंडे सिंह, दरवेश सिंह, वीरेन्द्र सिंह, लटूरी प्रसाद, नितिन वर्मा, नीलम आजाद आदि रहे।



# बटेश्वर में लगेगी सम्राट अशोक मौर्य की प्रतिमा, हुआ भूमि पूजन

**(एनएनआई) बाह।** मौर्य वंश के चक्रवती सम्राट अशोक ने युद्ध के बाद शांति को अपनाया था। राष्ट्रीय चिन्ह अशोक स्तंभ समेत कई शिलालेखों पर बेहतर जीवन की सीख के संदेश भरे पड़े हैं। रविवार को महान अशोक सम्राट भारत सेना ट्रस्ट के तत्वाधान में बटेश्वर के टंकी चौराहे पर प्रतिमा स्थापना के लिए भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन समारोह में चक्रवती सम्राट अशोक की गौरवगाथा गूंजी। पंकज कुशवाह ने कविता 'थे मौर्य राजवंश के, वीर अशोक महान सम्पूर्ण विश्व में रही, शान्तिदूत की शान' के माध्यम से उनके व्यक्तित्व का बखान किया। इस दौरान अध्यक्ष डॉ पुष्पेन्द्र कुशवाह, मानवेन्द्र कुशवाह, सोमवीर, नाथूराम, मुन्नालाल, सुरेश कुशवाह, रामप्रकाश, संजय कुमार, राधेश्याम, यतेन्द्र सिंह, सत्यवीर, मौहर सिंह, कालीचरन, महाराज सिंह, रामप्रसाद आदि मौजूद रहे।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित
**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**
RNI Title Code no UPHIN49797
**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**
E MAIL newsnextindia1@gmail.com
Website:-www.nnindianews.com
**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना ब्रज

सोमवार, 15 अप्रैल, 2024 www.nnindianews.com

NNI हर खबर पर पक्की नज़र



## बांकेबिहारी मंदिर

# आराध्य के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु



एनएनआई

**मथुरा।** वृंदावन में सप्ताहांत के कारण बड़ी संख्या में भक्त ठाकुर श्रीबांके बिहारी के दर्शन के लिए पहुंचे। ऐसे में उन्हें धक्का-मुक्की के बीच आराध्य के दर्शन हो सके। वहीं भीड़ के दबाव के कारण कई श्रद्धालुओं को दर्शन भी संभव न हो सके। मंदिर के पट खुलने से पहले ही रविवार सुबह बांकेबिहारी पुलिस चौकी से लेकर संकरी गली और मंदिर के दो और तीन नंबर गेट पर श्रद्धालु एकत्र हो गए। भीड़ के दबाव के बीच धक्के खाते हुए श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और आराध्य के दर्शन किए। यही हाल मंदिर के अंदर चौक, जगमोहन में रहा। दोपहर को मंदिर के पट बंद होने तक भीड़ बनी रही। शाम को भी सुबह जैसी स्थिति रही। मंदिर के सह प्रबंधक उमेश सारस्वत ने बताया कि रविवार को दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, राजस्थान के श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन करने आए। सुबह से रात में पट बंद होने तक यही स्थिति रही। पूरे दिन में लगभग एक लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

# ट्रैक्टर की चपेट में आकर युवक की मौत

### नाचते समय ट्रैक्टर-ट्रॉली से गिरा था युवक

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** एक युवक डांस करते समय ट्रैक्टर-ट्रॉली से नीचे गिर गया। ट्रैक्टर का पहिया चढ़ने से उसकी मौत हो गई। वह अपनी टोली के साथ राजस्थान कैलादेवी गया था। टोली के लोग उसे गांव में छोड़कर भाग गए। मामले में कार्रवाई राजस्थान की पुलिस करेगी।

मामला बसई मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के नई तोर गांव का है। गांव निवासी महेंद्र सिंह (30) 12 अप्रैल को गांव की टोली के साथ राजस्थान कैला देवी दर्शनों को गया था। जहां उसकी डांस करते समय ट्रैक्टर-ट्रॉली से गिरकर पहिया चढ़ने से मौत हो गई। उसकी मौत से ट्रैक्टर में सवार सभी लोग घबरा गए। महेंद्र सिंह के शव को ट्रैक्टर में रखकर गांव पहुंचे। वह लोग शव ट्रैक्टर-ट्राली में ही



छोड़कर भाग गए। परिवार के लोगों को मालूम पड़ा तो वे शव को लेकर आए। पुलिस ने परिवार तथा गांव के लोगों से घटना की जानकारी की। थाना प्रभारी पारूल मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम कराकर शव परिजन को सौंप दिया। मामले में कार्रवाई घटना स्थल पर पड़ने वाले थाने की पुलिस ही करेगी।

# दूसरों को धीरज बंधाता, स्वयं चला गया विवेक

एनएनआई

**आगरा।** शहर में भावुकता की मिसाल बने भाई विवेक रायजादा ने कल हृदय गति के रुकने के कारण अपनी अंतिम साँस ली। विवेक रायजादा अपने जीवन के प्रारंभिक चरण से ही जन सेवा के कार्यों में रत रहते थे। चाहे मेडिकल कैम्प लगवाना हो निर्धन बेटियों का विवाह करवाना हो, सब में आगे बढ़कर अपना योगदान देते थे। शहर में लोग बेजुबान पशु के घायल मिलने पर विवेक को सूचना देते थे और विवेक



संबंधित विभाग को सूचित करते हुए स्वयं घटना स्थल पर पहुंचकर मूक पशु की यथासंभव सहायता करना शुरू कर देते थे। कोरोना काल में विवेक ने बहादुरी की मिसाल पेश करते हुए अपने कंधे पर ही सेनेटाइजर की मशीन लाद कर मोहल्ले और घरों को सेनेटाइज्ड करना शुरू कर दिया था। कोरोना काल मे दयालबाग मोक्षधाम में जब लकड़ियों की कमी पड़ी तो अपने संसाधन जुटा कर ट्रक भर के लकड़ियों का भी इंतजाम करवाया था। इतना ही नही विवेक रायजादा का नाम स्पष्टवादित व्यक्ति के रूप में भी जाना जाता था। अक्सर विवेक को फेसबुक लाइव पर सरकारी व्यवस्था की खामियों पर बोलते सुना जाता था।

विवेक ने अपने पीछे अपनी पत्नी, बेटी और बेटे को छोड़ा है। ईश्वर के यहां किसी मददगार इंसान की जरूर ही जरूरत होगी, इसलिये ईश्वर ने विवेक भाई को अपने पास बुला लिया। तमाम आगरावासी और न्यूज नेक्स्ट इंडिया विवेक रायजादा को अपनी अश्रुपूरित श्रधांजलि अर्पित करते है।



# नामांकन में प्रो. बघेल किया शक्ति प्रदर्शन

❍ लाव-लश्कर के साथ नामांकन करने पहुंचे भाजपा प्रत्याशी

❍ फतेहपुरसीकरी से रामेश्वर चौधरी भी कर रहे पर्चा दाखिल



एनएनआई

**आगरा।** भाजपा प्रत्याशी प्रो. एसपी सिंह बघेल में शुभ घड़ी में आज अपना नामांकन समर्थकों के लाव-लश्कर के साथ दाखिल किया। इस दौरान कलेक्ट्रेट के बाहर उनके समर्थकों का भारी हुजूम लगा रहा। भाजपा प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल ने आज वाल्मिकी वाटिका सुभाष पार्क के सामने सभा करी। इसके बाद जुलूस के रूप में नामांकन करने के लिए कलक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान उनके समर्थक नारे लगाते चल रहे थे। भाजपा प्रत्याशी के साथ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी भी रहे। इधर फतेहपुर सीकरी सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल के पुत्र रामेश्वर चौधरी भी आज ही नामांकन कर रहे हैं। उनके समर्थक जीआईसी मैदान में जुटे हुए हैं। यहां से नामांकन करने के लिए कलेक्ट्रेट जाएंगे। लोकसभा चुनाव में आगरा में सात मई को होने वाले मतदान के लिए 12 अप्रैल से कलेक्ट्रेट में नामांकन प्रक्रिया हो चुकी है। पहले दिन सिर्फ पर्चे खरीदे गए थे। दाखिल नहीं हुए थे। आज भाजपा से आगरा सुरक्षित सीट से प्रत्याशी प्रो. एसपी सिंह बघेल ने नामांकन किया। जबकि दूसरा पर्चा निर्दलीय के रूप में रामेश्वर चौधरी ने फतेहपुरसीकरी से किया। अन्य पार्टियों के प्रत्याशियों के अभी नामांकन की तिथि तय नहीं की है।

**17 को रहेगी छुट्टी**

इस बार 12 से 19 अप्रैल तक नामांकन हो रहे हैं। 13 को बैसाखी और 14 को रविवार के कारण अवकाश था। इसके बाद 17 को रामनवमी की छुट्टी है। इस वजह से प्रत्याशियों को पांच दिन ही नामांकन के लिए मिल रहे हैं। पहले दिन 44 नामांकन पत्र खरीदे गए थे। सबसे ज्यादा नामांकन 16 अप्रैल को संभावित हैं। इसके बाद 18 अप्रैल को भी नामांकन करने वालों की संख्या अधिक रह सकती है।

**प्रियंका गांधी करेंगी रोड शो**

फतेहपुरसीकरी लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार के समर्थन में प्रियंका गांधी रोड शो करेंगी। शहर अध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि रोड शो नामांकन के बाद होगा। आज दिल्ली में जिला और शहर अध्यक्षों की मीटिंग बुलाई गई है। इसमें रोड शो की तारीख भी तय होगी।

# छठ पर किया यमुना मैया का दुग्धाभिषेक

❍ आरती उतारकर किया दीपदान उत्सव, जगमग हुआ हाथी घाट



एनएनआई

**आगरा।** चैत्र मास की छठवीं पर गुरु वशिष्ठ मानव सर्वांगीण विकास सेवा समिति द्वारा यमुना शुद्धिकरण जनचेतना महाअभियान के तहत मां यमुना का दुग्धाभिषेक किया गया। इस दौरान हाथी घाट स्थित यमुना किनारे पर महाआरती दीप दान किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में यमुना प्रेमी मौजूद रहे। पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चारों से यमुना मैया का पूजन कराया। मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती हेमलता दिवाकर ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान पं. अश्वनी कुमार मिश्र ने बताया कि यमुना प्रेमियों के सहयोग से हाथी घाट काफी कार्य किए जा चुके हैं। यमुना मैया के पुराने रूप को लौटाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने यमुना पर बैराज निर्माण को जरूरी बताया। साथ ही जनप्रतिनिधियों से यमुना मैया की ओर ध्यान देने मांग की है। इस मौके पर विशिष्ट अथिति टीकम सिंह, मुकेश शर्मा (मजिस्ट्रेट), पार्षद अनुराग चतुर्वेदी, पार्षद मधु माहौर, डॉ. धीरज मोहन सिंघल, पीके गुप्ता, संजय गोयल, गोवर्धन सुनेजा, सुधीर पचौरी, मानबहादुर, प्रमोद पांडेय, राजेश कुमार, अजय कौशल, प्रमोद शर्मा, शिप्रा अग्रवाल, उज्ज्वला ठाकुर, अलका सिंह शर्मा, अंजू शर्मा, अनुराधा गुप्ता, गौरव शर्मा, राम भरत, सोनू शर्मा आदि मौजूद रहे।

# प्रजापति समाज ने निकाली बाइक रैली

❍ पर्चे बांट लोगों से मांगा दक्ष कन्या शोभायात्रा के लिए समर्थन



एनएनआई

**आगरा।** प्रजापति समाज के लोगों ने दक्ष कन्या मां भगवती शोभायात्रा के लिए शहर की जनता को बाइक रैली निकालकर आमंत्रण दिया। आमंत्रण रैली का जगह-जगह स्वागत किया गया। नालबन्द चौराहा स्थित प्रजापति देवी मन्दिर से शुरू हुई वाहन रैली ने शहर भर का भ्रमण किया। रैली का उद्घाटन समिति के पदाधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली महाराजा दक्ष प्रजापति चौक, तहसील मार्ग, शाहगंज, कोठी मीना बाजार, लोहामंडी चौराहा, तोता का ताल, मदिया कटरा, हरी पर्वत, सेंट जोंस, आगरा कॉलेज होते हुए प्रजापति देवी मंदिर पर सम्पन्न हुई। शोभा यात्रा के संरक्षक डॉ. भगवानदास दक्ष ने सभी धर्म प्रेमियों से शोभायात्रा में भाग लेने की अपील की। आमंत्रण रैली में राजेश प्रजापति, हेमन्त प्रजापति, प्रभुदयाल प्रजापति, श्रीचन्द गोला, मुनेश प्रजापति, विजय गोला, जगदीश गोला, अजय प्रजापति, रविन्द्र दक्ष, संजीव प्रजापति, जितेन्द्र प्रजापति, मनोज प्रजापति, इंजीनियर धर्मेंद्र प्रजापति सोनू, सुमित प्रजापति, कौशल प्रजापति, नवनीत प्रजापति, शिवा प्रजापति, भारत प्रजापति, राजकुमार प्रजापति, मनीष प्रजापति टीटू, रवि, राजेन्द्र कुमार, संत कुमार प्रजापति, ललितेश गोला, लखन प्रजापति, मनोज गोला, हरिओम गोला, बंटी प्रजापति, जीतू भाई, सौरभ प्रजापति, राहुल प्रजापति, प्रतीक प्रजापति, मनीष कुमार, जितेन्द्र कुमार गोला, डॉ. शिव कुमार गोला गोविन्दा प्रजापति, मुकद्दर गोला आदि शामिल रहे।

**निकलेगा खाटू श्याम का रथ**

श्याम लाडले युवा संगठन के द्वारा 28वीं दक्ष कन्या मां भगवती शोभायात्रा में दूसरी बार श्री खाटू श्याम जी का रथ निकाला जाएगा। संगठन के हितेश गोला, जीतू गोला, नीरज गोला, संजय गोला ,जीतू गोला आदि खाटू श्याम प्रेमियों से भाग लेने की अपील की।

# वार्ष्णेय स्पोर्ट्स क्लब मनाएगा अक्रूर जयंती

एनएनआई

**आगरा।** वार्ष्णेय स्पोर्ट्स क्लब की विनय कुमार वार्ष्णेय के आवास पर हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार आज शाम पांच बजे अक्रूर चौक पश्चिमपुरी में अक्रूर जयंती मनाई जाएगी। क्लब के सदस्य अभिषेक वार्ष्णेय रोमी के प्रस्ताव पर 101 लीटर का मिल्क शेक और 501 बिस्किट के पैकेटों का वितरण किया जाएगा। विनय कुमार वार्ष्णेय नेवार्ष्णेय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में अक्रूर जी के कार्यक्रम में शिरकत करने की अपील की है। कार्यक्रम का उद्घाटन वार्ष्णेय समाज की पार्षद श्रीमती रेनू गुप्ता करेंगी। बैठक का संचालन रवि कांत ने किया। बैठक में भानु प्रकाश वार्ष्णेय, मुकुल गुप्ता, राजीव गुप्ता और सुधीर वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# कलाकुंज जैन मंदिर में चढ़ाया प्रभु संभवनाथ को निर्वाण लाडू



एनएनआई

**आगरा।** मारुति स्टेट स्थित महावीर दिगम्बर जैन मंदिर कलाकुंज में वात्सल्य सेवा समिति के तत्वावधान में जैन धर्म के तीसरे तीर्थंकर श्री संभवनाथ भगवान का निर्वाण कल्याणक महोत्सव मनाया गया। भक्तों ने सर्वप्रथम श्रीजी का अष्टद्रव्यों से पूजन किया। दीपांक जैन के निर्देशन में सामूहिक रुप से निर्वाण कांड का वाचनकर भगवान संभवनाथ के समक्ष निर्वाण लाडू अर्पित किए। इस मौके अजय जैन, राजीव जैन, रविंद्र जैन, आशु जैन भगत, मुकेश जैन भगत, शुभम जैन, प्रवीण कुमार, रश्मि जैन, कविता, रीता जैन, निशा जैन, शोभा जैन, करुणा जैन, ममता जैन, रंजना जैन, सुनीता जैन, पूनम जैन, पुष्पा जैन आदि मौजूद रहीं।

**वैधानिक सूचना**

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन

पर्दे ही पर्दे
Sunday Open
* Sofa Fabric
* Customise Blinds
* Wallpaper
* Flooring all type
* Grass
* Carpet
* All Furnishing Item
किरन मित्तल
बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने संजय प्लेस,
आगरा मो. 9837261764, 8193034811

कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

## अपना आगरा

सोमवार, 15 अप्रैल, 2024 www.nnindianews.com

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र




# बूथ जीता तो चुनाव जीता

- विधायक खंडेलवाल ने किया बूथ अध्यक्षों से चुनाव में जुटने का आह्वान

एनएनआई

**फतेहाबाद (आगरा)।** फतेहाबाद विधानसभा के भाजपा बूथ अध्यक्षों का कस्बे के निर्मल वाटिका में हुए सम्मेलन में सभी बूथ अध्यक्षों से पूरे मनोयोग से चुनाव में जुट जाने का आह्वान किया गया। विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने कहाकि बूथ अध्यक्षों के दम पर ही केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। मुख्य अतिथि विधायक खंडेलवाल ने संविधान रचयिता डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। उन्होंने कहाकि प्रत्येक बूथ पर वोटों को बढ़ाना है और फतेहपुर सीकरी से प्रत्याशी सांसद राजकुमार चाहर को दूसरी बार भारी मतों से विजयी बनाकर तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। फतेहाबाद हमेशा इतिहास रचने का काम किया है। इस बार निषाद पार्टी, लोकदल और किसान यूनियन भाजपा के साथ है। पूर्व मंत्री रामसकल गुर्जर ने कहाकि इस बार लगभग डेढ़ लाख से अधिक मतों से विजयी बनाकर इतिहास रचना है। विधायक छोटेलाल वर्मा ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहाकि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो बूथ कार्यकर्ताओं को सम्मान देती है। पिछले चुनाव भी हम बूथ अध्यक्षों की बदौलत ही जीते थे। पूर्व विधायक डॉ. राजेन्द्रसिंह ने कहाकि बूथ जीता, चुनाव जीता, मेरा बूथ सबसे मजबूत के नारा वास्तव में बूथ सम्मेलन का मंत्र है। सम्मेलन की अध्यक्षता रामलखन दीक्षित ने की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गिर्राज कुशवाहा, पूर्व विधायक जितेन्द्र वर्मा, महेश गोयल, अभिनव मौर्य, सहकारी बैंक के चैयरमेन प्रदीप भाटी, चेयरमेन बबीता, रविप्रकाश शल्या, ऋषि उपाध्याय, सोनू शर्मा, रघुवीर सिंह वर्मा, देवेंद्र वर्मा एडवोकेट, श्रीगोपाल शर्मा, बबीता चौहान, हीरा सिंह, अनिल भारद्वाज, मुन्ना लाल त्यागी, शहदेव शर्मा, अजमेर सिंह, रामकुमार शर्मा, नितिन गुप्ता, अन्नू दुबे, मयंक जादौन, अजय जादौन, योगेश चौहान, अनिल शर्मा, दिलीप भंडारी, राजेश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।



### मुख्यमंत्री 22 मुख्यमंत्री किरावली में

सांसद राजकुमार चाहर ने कहाकि 22 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किरावली में जनसभा करेंगे। इसलिए आप लोग सभी अधिक से अधिक संख्या में वहां पहुंचें।

### सपा-कांग्रेस को दें मुंहतोड़ जबावः चाहर

सांसद राजकुमार चाहर ने कहाकि कांग्रेस और सपा एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं। सनातनियों के धर्म को लेकर अनर्गल बातें करने वाले लोग हैं। कांग्रेस सपा के पास कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहाकि 4 हजार करोड़ रूपए की लागत से घर-घर गंगाजल योजना के तहत इस साल के अंत तक गंगाजल की सप्लाई मिलने लगेगी। आलू अनुसंधान संस्थान सींगना की स्वीकृति, पोलिटिकल कॉलेज के साथ-साथ सड़कों का जाल बिछाने का काम किया गया। किसान मोर्चा संगठन की मुझे जिम्मेदारी सौंपी गई। इसलिए किसानों की समस्याओं को लेकर बाहर जाना होता था। आपके बीच ज्यादा से ज्यादा समय दे सकूं ऐसी व्यवस्था बनाऊंगा।

### 18 को भरेंगे नामांकन

सांसद राजकुमार चाहर ने सम्मेलन में कहाकि वे 18 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए जाएंगे। इसलिए सभी ने हाथ उठाकर नामांकन दाखिल करने के समय आगरा में मौजूद रहने का आश्वासन दिया।

# भाजपा के पन्ना सम्मेलन में मतदान बढ़ाने पर जोर

एनएनआई

पन्ना प्रमुखों की सक्रियता से 400 पार के मिशन को करेंगे साकारः धर्मपाल

**आगरा।** चुनाव से पहले पन्ना प्रमुखों की जिम्मेदारी है कि वह यह निश्चित कर लें कि उनके क्षेत्र की मतदाता सूची में दर्ज मतदाता कहीं बाहर निवास तो नहीं कर रहे हैं। अगर ऐसा है तो उन्हें भी संपर्क कर मतदान के लिए बुलाएं। पन्ना प्रमुखों की सक्रियता से 400 पार के मिशन को भाजपा साकार करेगी। यह कहना है भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह का। वे कृष्णा वाटिका राजपुर चुंगी पन्ना सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहाकि पन्ना प्रमुख संगठन के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों के संपर्क में रहकर शत-प्रतिशत मतदान के संकल्प में सहभागिता निभाएं। सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश धर्मपाल सिंह, महानगर अध्यक्ष भानुमहाजन, संतोष सिंह, सुनील टंडन, टीएन अग्रवाल, विधायक जीएस धर्मेश ने संयुक्त रूप से पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया। संगठन महामंत्री ने कहाकि हताश विपक्ष को प्रत्याशी ढूंढने से नहीं मिल रहे हैं। जबकि भाजपा कार्यकताओं की लगन, मेहनत और शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में घर-घर संवाद कायम कर रहे हैं।



सम्मेलन में रविकांत गर्ग, डॉ. यादवेंद्र शर्मा, धर्मवीर लोधी, महेश शर्मा, कौशल चौहान, कपिल नारायण मिश्रा, सुनील करमचंदानी, रोहित कत्याल सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पन्ना प्रमुख और बूथ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# झिल्लोराम वाल्मीकि का लीडर्स आगरा ने किया अभिनंदन

एनएनआई

**आगरा।** लीडर्स आगरा ने वाल्मीकि समाज की धरोहर और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह व वीपी सिंह के करीबी रहे दादा झिल्लोराम वाल्मीकि का अभिनंदन किया। सभी ने उनकी चरण वंदना करके आशीर्वाद प्राप्त किया। लीडर्स आगरा प्रत्येक सप्ताह, चलें शहर को समर्पित, बुजुर्ग विभूतियों के घर पर उनका अभिनंदन और चरण वंदन का अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत तेलीपाड़ा निवासी झिल्लो राम वाल्मीकि का शाल ओढ़ा कर, इलायची की माला पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर झिल्लोराम ने कहाकि जातिवाद तो अब राजनीतिकों ने कर दिया है। पहले ऐसा कुछ नहीं था। चौधरी चरण सिंह का रसोइया वाल्मिकि था। ऐसे अनेक उदाहरण और भी हैं। उन्होंने कहाकि वाल्मीकी समाज में तेजी से कुरीतियों दूर हो रही हैं। समाज में मृत्युभोज पूरी तरह से प्रतिबंधित हो चुका है। शिक्षा के क्षेत्र में भी वाल्मीकि समाज आगे बढ़ रहा है। उन्होंने वीपी सिंह और चौधरी चरण सिंह से अपनी नजदीकियों का भी उल्लेख किया। मुख्य अतिथि सफाई मजदूर आयोग के सदस्य कमल सिंह वाल्मीकि थे। इस मौके पर लीडर्स आगरा के महामंत्री सुनील जैन, संरक्षक आदर्श नंदन गुप्ता, विनीता जादौन, एसके बग्गा, राजदीप ग्रोवर, रवि गिडवानी, इंजीनियर धर्मेंद्र प्रजापति (सोनू), अंकित सिंह, राजू सविता, राहुल जैन आदि मौजूद रहे।








# रेलवे संस्थान में मनी अम्बेडकर जयंती

**आगरा** एनएनआई। अखिल भारतीय अनुसूचित जाति-जनजाति रेलवे कर्मचारी संगठन द्वारा उत्तर मध्य रेलवे संस्थान डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयन्ती मनाई गई। मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बाबा साहब के विचारों पर प्रकाश डाला और बाबा साहब की नीतियों पर चलने का संकल्प दोहराया। कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों, रेलवे के ट्रेड यूनियन पदाधिकारियों ने भी विचार व्यक्त किये। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण और अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

## बाबा साहेब जयंती की शहर भर में रही धूम

# जय भीम

देश के संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती शहर से लेकर देहात तक पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव से मनाई गई। इस अवसर पर जगह-जगह आयोजन हुए। बाबासाहब के अनुयायियों ने उनकी तस्वीर, प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कहीं-कहीं केक काटकर बाबा साहब की जयंती मनाई गई। हर तरफ जय भीम के नारे गुंजायमान होते रहे।



# केक काटकर मनाई आम्बेडकर जयंती

**आगरा** एनएनआई। भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती व्यापारियों ने जय भीम के उद्घोष के साथ मनाई। जगमग भव्य सजी अम्बेडकर वाटिका शिवाजी मार्केट काजीपाड़ा पर भीमेश्वर जगतारा समिति के व्यापारियों ने सर्व प्रथम बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पमाला पहनाकर केक काट कर बाबा साहब को याद किया। जब तक सूरज चांद रहेगा बाबा तेरा नाम रहेगा..., बाबा साहब अमर रहें...के नारे गुंजायमान होते रहे। इस दौरान समिति ने मीठे शर्बत की प्याऊ लगाकर अतिथियों का पटका पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर राजेश पिपल, श्याम भोजवानी, नेमीचंद निगम, राहुल पिपल, तेजूमल, अनवर कुरैशी, सुनील कुमार, अंकित, अरुण, गौरव, मोहित, लक्की, चांदनी भोजवानी, लक्ष्मी, पिंकी, कंचन, भारती, मुस्कान, निधि, माही, सुमन, अर्चना आदि अदि मौजूद रहे।

# एक रोटी कम खाओ, बच्चों को अवश्य पढ़ाओ

- बाबा साहब के मूल मंत्र शिक्षित बनो के लिए कार्य करने का लिया संकल्प

एनएनआई

**आगरा**। संविधान शिल्पी भारत रत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती श्री बॉके बिहारी एजूकेशनल सोसायटी द्वारा उत्साह से मनाई गई। मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता विकास भारद्वाज, रघु पंडित, सुषुमलता सारस्वत ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित किया गया। इस मौके डॉ. मदन मोहन शर्मा ने कहाकि उनकी संस्था बाबा साहब के मूल मंत्र शिक्षित बनो इसके लिए एक रोटी कम खाओ लेकिन बच्चों को अवश्य पढाओ को साकार करने के लिए कार्य करेगी।
समाज के सबसे निचले तबके के लोगों को शिक्षा का समान अधिकार दिलाये जाने को जगह जगह जागरूकता शिविर लगाकर सरकार की योजनाओं का लाभ दिलायेगें। इस मौके पर पंडित नकुल सारस्वत, दीपक सारस्वत, गब्बर राजपूत, अरुण श्रीवास्तव, सोम शर्मा, आलोक शर्मा, कुसुम सक्सेना, विजय कुमार, नवीन कुमार, गीता यादव, मोहिउद्दीन, खालिद और इमरान आदि मौजूद रहे।



# संविधान शिल्पी को किया याद



**आगरा** एनएनआई। संविधान शिल्पी डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133 वीं जयंती पर डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में चरणबद्ध रूप से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। कुलपति प्रो. आशु रानी ने पालीवाल पार्क परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलकर स्तरीय शिक्षा का उजियारा फैलाने का संकल्प दिलाया।

विश्वविद्यालय परिसर में लगी डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को पुष्प आदि से सजाया गया। कुलपति के साथ परीक्षा नियंत्रक ओम प्रकाश, वित्त अधिकारी श्रीसुदर्शन, डिप्टी रजिस्ट्रार, विश्वविद्यालय शिक्षकों व कर्मचारियों ने मिलकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनकी शिक्षाओं को याद किया। कुलपति ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने सदैव समाज के वंचित और दबे-कुचले वर्ग के उत्थान के लिए काम किया, उन्हें शिक्षा रूपी अधिकार देकर समाज की मुख्य धारा में लेकर आए। उनके जन्म जयंती को सिर्फ एक कार्यक्रम तक ही सीमित नहीं किया जा सकता। हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम उनकी शिक्षाओं को अपने आचरण में उतार कर जन-जन तक शिक्षा रूपी धन को पहुंचकर उन्हें समाज की मुख्यधारा में लेकर आएं। इस अवसर पर माननीय कुलपति ने कर्मचारियों के बीच मिष्ठान वितरित भी किया।



## बाबा साहेब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**आगरा** एनएनआई। भारतीय जनता युवा मोर्चा शिवाजी मंडल अध्यक्ष आनंद गोस्वामी के नेतृत्व में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष आनंद गोस्वामी, मंडल प्रभारी शिवराम सिंघल, ओमवीर यादव, वेदप्रकाश, संजय गोस्वामी, गुलशन कुमार, अनुराग गोस्वामी, नितिन खंडेलवाल, अनुज रोचानी, अमन कांत कुलश्रेष्ठ, एवं मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थति रहें।



# वंचितों के नायक हैं बाबा साहेब

## सपा ने किया संविधान निर्माता को याद




एनएनआई

**आगरा।** समाजवादी पार्टी के फतेहाबाद रोड जिला आगरा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा महानगर अध्यक्ष चौधरी वाजिद निसार जी की अध्यक्षता में 'सामाजिक समरसता एवं समानता' का मूलमंत्र देने वाले विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र 'भारत' के संविधान निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव सुरेंद्र चौधरी ने किया।

जिला अध्यक्ष श्री कृष्ण वर्मा ने कहा कि इस दिन को 'समानता दिवस' और 'ज्ञान दिवस' के रूप में भी मनाया जाता है, क्योंकि जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करने वाले आंबेडकर को समानता और ज्ञान के प्रतीक माना जाता है। आंबेडकर को विश्व भर में उनके मानवाधिकार आंदोलन संविधान निर्माता और उनकी प्रकांड विद्वता के लिए जाने जाते हैं और यह दिवस उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष चौधरी वाजिद निसार , राजपाल यादव, रामगोपाल बघेल, आजाद सिंह जाटव, पवन प्रजापति, खेंमचंद कोली,देवेन्द्र सिंह यादव, संदीप यादव, मुकेश कर्दम, संतोष पाल बघेल, शिवपाल यादव, राहुल चौधरी, जितेन्द्र चक,देवेंद्र राजपूत, राहुल रावत, शैलू यादव, भावेश यादव, महावीर सिंह, सतीश वाल्मिक, आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## संविधान बचाओ-तानाशाही हटाओ

एनएनआई

- आम आदमी पार्टी ने मनाई बाबा साहेब की जयंती
- कहा-देश संविधान से चलेगा न कि ईडी और सीबीआई के खौफ से

**आगरा।** संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर आम आदमी पार्टी आगरा ने बाबा साहब की जयंती को संविधान बचाओ- तानाशाही हटाओ के रुप में मनाया। जिला अध्यक्ष पंडित सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि भारत देश बाबा साहेब के द्वारा बनाए गए संविधान से चलेगा न कि ईडी और सीबीआई का खौफ दिखाकर। महानगर अध्यक्ष दिलीप बंसल ने कहा कि भारत की जनता भाजपा के काले कारनामों को देख रही है और आगामी चुनाव में वोट की ताकत से इसका जवाब देगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महासचिव संजय सिंह, अरुण सिंह गहलोत, अशोक धनगर, सपना गुप्ता, आसिफ नवाब, सुमित अरोरा, गोविंद, नौशाद, संजय गंगोत्री, शानू कुरैशी, अनिल कुमार आदि लोग उपस्थित रहे, मंच का संचालन रितेश हैरिसन द्वारा किया गया।

## समानता के पक्षधर थे बाबा साहेब

- सपा मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड महानगर ने मनाई डॉ. आम्बेडकर

एनएनआई



**आगरा।** संविधान शिल्पी भारत रत्न डॉक्टर भीम राव आम्बेडकर की जयं ती समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड द्वारा जोशो-खरोश के साथ मनाई गई। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के महानगर अध्यक्ष जीशान अहमद बापू नगर खंदारी स्थित डॉ. भीम राव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहाकि बाबा साहेब निर्मित संविधान की बदौलत ही हमें तमाम अधिकार मिले हैं, लेकिन भाजपा धीरे-धीरे इन अधिकारों और संविधान को बदलने का षड़यंत्र कर रही है। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित लोगों से डॉक्टर आम्बेडकर के मूल्यों और सिद्धांतों पर चलने का आह्वान करते हुए कहाकि बाबा साहेब ने समाज में समानता की आवश्यकता और इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में शिक्षा की भूमिका महत्वपूर्ण बताई। जीशान अहमद ने जयंती पर बाबा साहब को खिराज-ए-अकीदत पेश करते हुए संविधान बचाने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर अजय कुमार निमेष, शादाब खान, राजेश चौधरी, कासिम कुरैशी, संजय सिंह माहौर, करन माहौर, वकील उद्दीन, हसमत अली, आदिल अली और अदनान हसन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बाबा साहेब की जयंती पर बच्चों को बांटी मिठाई और किताबें

**आगरा एनएनआई।** डॉ. भीमराव आंबेडकर बाबा साहब की जयंती राष्ट्रहितैषी एवं सामाजिक संघठन भारतीय जनकल्याण क्रांति दल द्वारा मनाई गई। बीजेकेडी न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष बॉबी राजपूत उर्फ राजाराम द्वारा वंचित समाज के प्रतिभावान बिन्दुओं के साथ बच्चों की शिक्षा सामग्री देख शिक्षा के प्रति जागरूक किया एवं राहुल बाल्मीकि का स्वागत बाबा साहब की तस्वीर देकर राजाराम ने किया। राहुल बाल्मीकि ने संगठन के अध्यक्ष राजाराम का धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर मिठाई बांटी गई। कार्यक्रम में अंकुल, अनमोल, रिषभ, खुशी मौजूद रहे।





## अफगानिस्तान और पाकिस्तान में बाढ़ और बिजली का कहर

# 57 लोगों की मौत 250 से ज्यादा पशु मरे



### महिला और बच्चों की भी गई जान

रिपोर्ट के अनुसार, बिजली गिरने से रहीम यार खान जिले के बस्ती कलवार में दो बच्चों, थुल हसन में एक व्यक्ति, बस्ती खोखरान फिरोजा में एक दंपति, खान बेला में एक किसान और मारी अल्लाह में एक चरवाहे की मौत हो गई। इस बीच, आकाशीय बिजली गिरने से खैरपुर दाहा में एक व्यक्ति और बहावलपुर के चक-113 इलाके में आठ साल के बच्चे की मौत हो गई।

### कई जगह ओलावृष्टि भी हुई

बलूचिस्तान का लगभग पूरा क्षेत्र और पंजाब के कई इलाके बारिश, तूफान और धूल भरी हवाओं से प्रभावित हुए हैं। इसके अतिरिक्त, क्वेटा में भी बहुत अधिक बारिश होने से तापमान गिरा है। बारिश की वजह से पानी जमा होने के बाद कई बिजली फीडरों में खराबी आ गई, जिससे क्वेटा के अधिकांश हिस्से में बिजली की समस्या हो रही है।

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान में भारी बारिश और बिजली गिरने से 57 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, दोनों देशों में हजार से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए तो 250 से ज्यादा पशुओं की भी मौत होने की खबर है। जान गंवाने वालों में अफगानिस्तान के 33 और पाकिस्तान के 24 लोग शामिल हैं। पाकिस्तान में सबसे ज्यादा मौत पंजाब प्रांत में दर्ज की गई है। दोनों देशों के मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भारी बरिश की संभावना बनी हुई है। तालिबान के प्राकृतिक आपदा प्रबंधन मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल्ला जनान सैक ने बताया कि बाढ़ ने राजधानी काबुल व देश के कई अन्य प्रांतों को प्रभावित किया है। बाढ़ से लगभग 800 हेक्टेयर की फसलें नष्ट हो गई हैं और सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। पश्चिमी फराह, हेरात, दक्षिणी जाबुल व कंधार प्रांतों में सबसे अधिक नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में से अधिकांश में तेज बारिश हो सकती है।

## उत्तर-पश्चिम भारत में आज आंधी-तूफान व बारिश-बर्फबारी के आसार

**नई दिल्ली।** ईरान के ऊपर बने ताजा पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर पश्चिम भारत के पहाड़ी और मैदानी इलाकों में मौसम खराब बना हुआ है। रविवार को भी जम्मू-कश्मीर से लेकर पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश तक कई क्षेत्रों में तेज हवाएं चलीं और ओलावृष्टि के साथ कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए सोमवार को भी ऐसा ही मौसम रहने की चेतावनी दी है। भारतीय मौसम विभाग ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उत्तर पश्चिम भारत में मध्यम तूफान, तेज हवाओं और ओलावृष्टि के साथ बारिश का दौर अगले 48 घंटों के दौरान जारी रहने और उसके बाद कम होने की संभावना है। इस दौरान दिल्ली, एनसीआर के कई स्थानों और आसपास के इलाकों में हल्की से मध्यम तीव्रता की बारिश और 30-



50 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलेंगी। आईएमडी ने एक अन्य पोस्ट में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कुछ स्थानों पर सोमवार को भी ओलावृष्टि की संभावना जताई है। वहीं, 16 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के उप हिमालयी क्षेत्रों और सिक्किम में ओलावृष्टि हो सकती है। मौसम विभाग ने 18 अप्रैल से भी उत्तर पश्चिम भारत में एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इसके प्रभाव से भी संबंधित इलाकों में बारिश के साथ पहाड़ों पर बर्फबारी हो सकती है।

## सलमान खान के घर पर फायरिंग मामले की जांच करेगी मुंबई क्राइम ब्रांच

**मुंबई।** रविवार को बांद्रा में बॉलीवुड सुपरस्टर सलमान खान के घर फायरिंग मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। फायरिंग के मामले को अब मुंबई क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर कर दिया गया है। वहीं सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग के मामले की जांच के लिए मुंबई क्राइम ब्रांच की 10 से ज्यादा टीमें लगी हुई हैं। बता दें कि रविवार की सुबह 5 बजे ही दो अज्ञात बदमाशों ने सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर हवाई फायरिंग की थी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीमें सतर्क हो गई हैं और जांच को भी तेज कर दिया गया है। बता दें कि इससे पहले पुलिस ने गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर फायरिंग करने वाले दो संदिग्धों की तस्वीर भी जारी की है। इसके साथ ही पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई बाइक को भी बरामद कर लिया है। वहीं एक वायरल पोस्ट में दावा किया गया है कि सलमान के घर पर हमला लॉरेंस विश्नोई के भाई अनमोल विश्नोई ने करवाई है। वायरल पोस्ट में लिखा गया है 'हम अमन चाहते है, जुल्म के खिलाफ फैसला अगर जंग से हो तो जंग ही सही। सलमान खान हमने यह तुम्हें ट्रेलर दिखाने के लिए किया है। ताकि तुम समझ जाओ हमारी ताकत को और हमें मत परखो।

## कनाडा में भारतीय युवक की गोली मारकर हत्या

**वेनकूवर।** विदेश में भारतीय छात्रों पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इस बीच कनाडा के वेनकूवर में भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या की गई। पुलिस का कहना है कि 24 साल के चिराग अंतिल का शव कार से बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा पूछताछ के बात पता चला कि स्थानीय लोगों ने गोली चलने की आवाज सुनी थी। चिराग के परिवार ने भारतीय विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री मोदी से मदद की अपील की है। 24 साल के चिराग अंतिल का शव उनकी ऑडी कार से बरामद किया गया है। आस पास के लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस का कहना है कि चिराग की गोली मारकर हत्या की गई। 12 अप्रैल रात 11 बजे के करीब स्थानीय लोगों ने गोलियों की आवाज सुनने के बाद पुलिस को सूचित किया। पुलिस का कहना है कि इस बारे में पड़ताल लगातार जारी है और अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। चिराग के भाई रोमित का कहना है कि सुबह के समय चिराग से आखिरी बात बात हुई, तो वह काफी खुश नजर आ रहे थे। इसके बाद चिराग अपनी ऑडी कार से कहीं जाने के लिए निकले थे और इसके बाद यह वारदात घटी।

## ट्रेन और पिकअप वैन की टक्कर, चार की मौत

**अमेरिका।** अमेरिका के इडाहो के ग्रामीण इलाके में ट्रेन की चपेट में आने से पिकअप वैन में सवार चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि हादसा शनिवार सुबह नोटस के पास हुआ। यह बोइसे के उत्तर-पश्चिम में 56 किलोमीटर दूर है। दुर्घटना में 38 वर्षीय एक व्यक्ति और 36 वर्षीय महिला सहित दो बच्चे सवार थे। सभी नम्पा के रहने वाले थे।

## चीन में नाव पलटने से 12 लोगों की मौत

**चीन।** उत्तर-पूर्वी चीन की एक नदी में पर्यटक नौका पलटने 12 लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना शनिवार दोपहर हेबेई प्रांत के तट के पास किनहुआंगदाओ शहर के बाहरी इलाके में हुई। हादसे के समय नौका में 31 लोग सवार थे। जानकारी के मुताबिक, इस नौका को स्थानीय ग्रामीणों ने बनाया था और इसमें लाइफ जैकेट या अन्य सुरक्षा उपकरण नहीं थे। दुर्घटना की जांच के दौरान नाव के मालिक व ऑपरेटर को गिरफ्तार कर लिया गया।

## मारा गया सरबजीत की हत्या करने वाला सरफराज

**लाहौर।** पाकिस्तान की जेल में भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की हत्या करने वाले अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरफराज की हत्या कर दी गई है। लाहौर में अज्ञात लोगों ने उसे गोलियों से भून डाला। बता दें कि उसने भारतीय नागरिक सरबजीत की ईंटों और लोहे की छड़ों हमला कर हत्या कर दी थी। उसने आईएसआई के इशारे पर सरबजीत को मौत के घाट उतारा था। सूत्रों के मुताबिक, सरबजीत की हत्या के आरोपी और लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक हाफिज सईद के करीबी सहयोगी अमीर सरफराज तांबा पर इस्लामपुरा इलाके में मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने हमला किया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया।

## हमारे पास और कोई रास्ता नहीं था- ईरान

**वॉशिंगटन।** ईरान के इस्राइल पर हमले के बाद रविवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलाई गई। इस बैठक में ईरान के राजनयिक भी शामिल हुए। बैठक में ईरान के राजनयिक ने इस्राइल पर हमले का बचाव करते हुए सफाई दी कि उनके पास कोई और रास्ता ही नहीं बचा था और उन्हें हमला करना पड़ा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ईरान के राजदूत आमिर सईद इरवानी ने कहा कि 'इस्लामिक गणराज्य ईरान ने आत्मरक्षा के अधिकार के तहत इस्राइल पर हमला किया। इस्राइल के दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हमले के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अपना कर्तव्य निभाने में विफल रहा। ऐसे में तेहरान के पास कोई रास्ता ही नहीं बचा और उसे जवाब देना पड़ा।' ईरान के राजनयिक ने ये भी कहा कि 'उनका देश नहीं चाहता कि संघर्ष बढ़े, लेकिन अगर कोई भी आक्रामक कार्रवाई हुई तो वह उसका जवाब देंगे।' संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में इस्राइल के राजदूत ने ईरान पर गंभीर आरोप लगाए और क्षेत्र में अशांति के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया। इस्राइल के राजदूत ने कहा कि ईरान का मुखौटा उतर चुका है। वह दुनियाभर में आतंकवाद को पोषित करता है और क्षेत्र में अशांति के लिए भी ईरान जिम्मेदार है। इस्राइल के राजदूत ने मांग की कि ईरानी सेना रिवोल्यूशनरी गार्ड्स को एक आतंकी संगठन घोषित कर दिया जाना चाहिए और बहुत देर हो जाए, उससे पहले ईरान पर कड़े प्रतिबंध लगा देने चाहिए।

### ईरान ने इस्राइल पर किया था हवाई हमला

शनिवार को ईरान ने इस्राइल पर 300 से ज्यादा ड्रोन्स और मिसाइलों से सीधा हमला किया। हालांकि इस हमले में इस्राइल को खास नुकसान नहीं हुआ और इस्राइल के एयर डिफेंस सिस्टम ने करीब सारी मिसाइलों और ड्रोन्स को इंटरसेप्ट कर हवा में ही तबाह कर दिया। इसमें इस्राइल को अमेरिका, जॉर्डन और ब्रिटेन से भी मदद मिली। ईरान का कहना है कि यह हमला बीती 1 अप्रैल को इस्राइल द्वारा सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरानी दूतावास की इमारत पर कथित तौर पर हमला किया, जिसमें ईरानी सेना के सात अधिकारी मारे गए, जिनमें दो शीर्ष कमांडर शामिल थे।

## तुर्की में केबल कार हादसे में हवा में लटके

# 174 लोगों की मुश्किल में फंसी जान

**इस्तांबुल।** तुर्की में एक पर्वत के ऊपर केबल कार हादसा होने से उसमें 174 लोगों की जान मुश्किल में फंस गई। काफी देर तक सभी लोग हवा में ही लटके रहे। सूचना मिलते ही तुर्की के अधिकारियों मे हड़कंप मच गया। हेलीकॉप्टर और ऊंची क्रेन की मदद से शनिवार को हवा में लटके लोगों को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। बता दें कि बीते शुक्रवार को इस केबल कार की एक ट्रॉली खंभे से टकराकर खुल गई थी, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। वहीं 7 अन्य घायल हो गये थे।

गृहमंत्री अली यरलिकाया ने शनिवार दोपहर एक्स पर इस बचाव अभियान के सफलतापूर्वक पूरा होने की घोषणा की। अधिकारियों ने बताया कि इस बचाव कार्य में 607 तलाश एवं बचावकर्मियों तथा 10 हेलीकॉप्टर लगाए गए थे। उनके अनुसार, तुर्किये की आपात कार्रवाई एजेंसी एएफएडी, तटरक्षक बल की टीम, अग्निशमन दल एवं देश के विभिन्न हिस्सों से पर्वतीय बचाव दल भी इस कार्य में शामिल थे। शुक्रवार को अंतालया शहर के बाहर ट्यूनेकटेपे केबल कार में शाम लगभग साढ़े पांच बजे यह हादसा हुआ था। केबल कार में लोगों को 10 हेलीकॉप्टर की मदद से रेस्क्यू किया गया। कई घंटे तक बचाव अभियान चलाने के बाद हवा में लटके लोगों को नीचे उतारा गया। समाचार एजेंसी की खबर के अनुसार इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले व्यक्ति की पहचान तुर्किये के 54 वर्षीय नागरिक के रूप में की है। खबर के अनुसार घायलों में छह तुर्किये और एक किर्गीज नागरिक शामिल हैं। इनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। उन्हें तटरक्षक बल के हेलीकॉप्टरों के जरिये बचाया गया।



## संपादकीय

# चीन पर बदला रुख

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने चीन के साथ सीमा विवाद को हल करने की जरूरत बताई है। चार साल से चल रहे तनाव के बाद अब मोदी मेल-मिलाप के मूड में दिख रहे हैं। क्योकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ताजा बयान को चीन के बारे में भारत के रुख में एक बड़े बदलाव का संकेत माना जा रहा है? जब देश में आम चुनाव का माहौल गर्म है। उस समय उनकी बातों का महत्त्व और बढ़ जाता है। ऐसे मौके पर अनुमान यही होता है कि सरकार खासकर अगर वह भाजपा की हो, तो पड़ोसी देशों के मामले में अधिक गरम रुख अपनाएगी। भारत में इस समय लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार चल रहा है। ऐसे में विपक्ष भी चीन के साथ विवाद का मुद्दा उठा रहा है। विपक्ष का आरोप है कि चीन ने 2020 में हमारे हिस्से की जमीन पर कब्जा कर लिया, जबकि सरकार इसे बेबुनियाद आरोप बताती रही है।यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि पूर्वी लद्दाख में भारतीय इलाकों में चीन की कथित घुसपैठ को विपक्ष ने मोदी सरकार के खिलाफ एक बड़ा मुद्दा बना रखा है। इसके बावजूद अब मोदी ने भारत-चीन सीमा पर की असामान्य स्थिति से आगे निकलने पर जोर दिया है।मोदी ने कहा कि भारत और चीन के संबंध इस इलाके और सारी दुनिया के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि कूटनीतिक एवं सैनिक स्तरों पर सकारात्मक एवं रचनात्मक द्विपक्षीय संपर्क के जरिए दोनों देश सीमा पर टिकाऊ शांति बहाल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह मेरा विश्वास है कि सीमा पर लंबे समय से जारी स्थिति का हल हमें तुरंत निकालना चाहिए, ताकि अपने द्विपक्षीय संबंधों में आई असामान्यता को हम पीछे छोड़ सकें। अब ये देखने की बात होगी कि मोदी के इस रुख पर चीन से क्या प्रतिक्रिया आती है। पिछले कुछ समय से चीन ने खासा आक्रामक रुख अपना रखा है। भारत की पहल के बाद अब गेंद चीन के पाले में है। उसकी तरफ से कोई सकारात्मक कदम उठता दिखना चाहिए। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में चीन का रुख ऐसा नहीं रहा है, जिससे कोई आस बंधे। दोनों मुल्कों के मौजूदा संबंधों की बात करें, तो 2017 में डोकलाम विवाद के बाद से सीमा पर माहौल कभी सामान्य नहीं हो पाया। बल्कि, 2020 में गलवान में हुई झड़प ने स्थिति और बिगाड़ी ही है। भारत का स्पष्ट कहना है कि चीन पहले अपनी सेनाओं को पीछे करे, उसके बाद ही रिश्ते आगे बढ़ेंगे। अभी कुछ रोज पहले ही उसने अरुणाचल प्रदेश में स्थित स्थलों के नाम बदले हैं। इस तरह वह अरुणाचल पर अपना दावा मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। चीन इस इलाके पर अपना दावा ठोकता रहा है और इस राज्य को जंगनान बुलाता है। इस बात पर ध्यान दिया गया है कि चीन की इन हरकतों पर मोदी सरकार की प्रतिक्रिया नरम रही है। अब तक भारत के ऐसे रुख से चीन के रवैये पर कोई सकारात्मक असर नहीं हुआ है। क्या अब प्रधानमंत्री की टिप्पणियों को वहां सकारात्मक ढंग से लिया जाएगा? सवाल उठता है कि भारत को लेकर चीन इतना आक्रामक क्यों है? बाकी पड़ोसियों के साथ तो उसने सीमा विवाद सुलझा लिया या फिर सुलझाने के करीब है, लेकिन भारत के साथ वह इस विवाद को हाल के वर्षों में और हवा दे रहा है। दरअसल, इसे चीन की विदेश नीति का हिस्सा कह सकते हैं। चीन के बाकी पड़ोसी उसके मुकाबले दुनिया में खड़े होने की हैसियत फिलहाल नहीं रखते, जबकि भारत तेजी से तरक्की कर रहा है। दुनिया भी मान रही है कि चीन का अगर कोई विकल्प हो सकता है, तो भारत ही। ऐसे में चीन सीमा विवाद को जिंदा रखकर हिंदुस्तान पर दबाव बनाए रखना चाहता है। इसी वजह से लद्दाख से लेकर अरुणाचल तक, वह कुछ न कुछ खुराफात करता रहता है। हालांकि, बेहतर यही होगा कि चीन, भारत में शीर्ष स्तर से की गई इस पहल को स्वीकार कर ले और बातचीत के जरिए आपसी विवाद को सुलझाए। भारत के साथ किसी भी तरह का विवाद दोनों ही देशों के लिए ठीक नहीं होगा। वहीं, अगर दोनों के बीच शांतिपूर्ण संबंध बनते हैं तो उनकी तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

> भारत की पहल के बाद अब गेंद चीन के पाले में है। उसकी तरफ से कोई सकारात्मक कदम उठता दिखना चाहिए। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में चीन का रुख ऐसा नहीं रहा है, जिससे कोई आस बंधे। दोनों मुल्कों के मौजूदा संबंधों की बात करें, तो 2017 में डोकलाम विवाद के बाद से सीमा पर माहौल कभी सामान्य नहीं हो पाया। बल्कि, 2020 में गलवान में हुई झड़प ने स्थिति और बिगाड़ी ही है। भारत का स्पष्ट कहना है कि चीन पहले अपनी सेनाओं को पीछे करे, उसके बाद ही रिश्ते आगे बढ़ेंगे। अभी कुछ रोज पहले ही उसने अरुणाचल प्रदेश में स्थित स्थलों के नाम बदले हैं। इस तरह वह अरुणाचल पर अपना दावा मजबूत करने की कोशिश कर रहा है।

# आगरा मेट्रो के दूसरे कॉरिडोर में वाटर वर्क्स बने मेट्रो स्टेशन

• अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने केंद्रीय नगर विकास मंत्री से की मांग

एनएनआई

**आगरा।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष मुरारी लाल गोयल पेन्ट की अध्यक्षता में जिला आगरा इकाई की आवश्यक बैठक सेवा भवन में आयोजित की गई। पंचायत के पदाधिकारियों ने बैठक में आगरा मेट्रो के प्रस्तावित दूसरे कॉरिडोर में वाटर वर्क्स पर मेट्रो स्टेशन बनाए जाने की मांग की। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे के किराए में मिलने वाली छूट को रेलवे द्वारा बहाल करने करने की मांग की। वहीं कॉन्वेंट और प्राइवेट स्कूलों की महंगी होती स्कूल ड्रेस, स्कूल बैग और बुक पर स्कूली की मनमानी को लेकर चिंता जताई। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की ऐसे स्कूलों को लगाम लगाई जाए और अभिभावकों को राहत मिल सकें। इस दौरान प्रांत




अध्यक्ष वीके अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, सुमन गोयल, हरिओम गोयल, सतेंद्र कुमार पाठक, विश्वनाथ भारद्वाज, मयंक खंडेलवाल, प्रदीप लूथरा, जवाहर लाल सिंघल, बनवारी लाल अग्रवाल, राम प्रकाश अग्रवाल, अशोक बाबू गुप्ता, मीरा देवी कुशवाह आदि उपस्थित रहे।

## शिवमहापुराण कथा के आयोजन में महादेव के भक्त हुए भावविभोर

(एनएनआई) **आगरा।** रावत पैलेस, नैनाना ब्राह्मण,आगरा में विगत 9 अप्रैल से चल रही शिव महापुराण कथा के छठवें दिन रविवार को कथा व्यास महामंडलेश्वर संतोष गिरी महाराज (राष्ट्रीय सचिव योगी अखाड़ा) के श्रीमुख से भक्तों को शिव महापुराण के प्रसंगों को श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।महामंडलेश्वर संतोष गिरी महाराज ने बताया कि कलयुग में शिवमहापुराण कथा के श्रवण मात्र से प्राणियों का उद्धार हो जाता है।प्राणी जीवन और मरण के चक्र से मुक्त होकर मोक्ष की प्राप्ति करता है।महादेव देवों के देव हैं।जो भी मनुष्य महादेव की शरण में जाता है, उसके सभी कष्टों का निवारण भगवान शिव स्वयं ही कर देते हैं। महादेव त्याग की प्रतिमूर्ति हैं। वह अपने भक्तों के सेवा भाव से शीघ्र ही अति प्रसन्न हो जाते हैं औरअपने भक्तों को सदैव की रक्षा करते हैं। महादेव सभी प्राणियों के तारणहार हैं।शिव महापुराण कथा की आयोजक हिटलर चाहर और योगवती चाहर ने बताया कि गुरुजी के श्रीमुख से शिवमहापुराण कथा को सुनने से हम सभी भक्तजन धन्य हो गए हैं।शिवमहापुराण कथा के यजमान सुभाष रावत एवं मंजू रावत ने बताया की कथा का समापन विशाल प्रसादी भंडारे के साथ दिनांक 15 अप्रैल 2024 को होगा। शिव महापुराण कथा में प्रमुख रूप से उत्तम काकाजी( ब्लॉक प्रमुख) पप्पू रावत,महेश श्रीवास्तव, संजीव कटारिया (छा. वि. सोशल मीडिया बीजेपी),अमित लवानिया, दीपांशु, पिंकी, अरमान, आराध्या, जितेंद्र,गोविंद,कृष्णा आदि सैकड़ों भक्तजन उपस्थित रहे।

## छात्र-छात्राओं को सिखाएं गये जीवन की उपलब्धि के गुर

(एनएनआई) **आगरा।** सरस्वती विद्या मंदिर कमला नगर आगरा में बाल मन विशेषज्ञ, विषय विशेषज्ञ काउंसलर श्री अशोक शर्मा जी के द्वारा 9 के अंक का महत्व समझाते हुए हर विद्यार्थी को जीवन में शिक्षक बनने के प्रेरणा दी । उन्होंने बताया हर सफल व्यक्ति किसी न किसी रूप में एक शिक्षक होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि जीवन में नौ बातों का ध्यान रखें। पढ़ने के बाद प्रश्न अवश्य बनाएं,पढ़ें हुए को माता पिता परिवार के लोगों से चर्चा करें, दैनिक दिनचर्या निर्धारित हो जल्दी ब्रह्म मुहूर्त में जागना छात्र जीवन का मूल मंत्र।जागते ही माता पिता के चरण स्पर्श कर आशिर्वाद लेना सकारात्मक ऊर्जा संचित करना, रात्रि का भोजन जल्दी करना आदि बातें बताईं। स्वास्थ्य लाभ और एनर्जेटिक रहने हेतु मैडिटेशन, खूब पानी पीना,दोपहर को न्यूज पेपर का संपादकीय पेज पढ़ना, वैदिक गणित,समय का सदुपयोग आदि विषयों पर भी विशेष प्रकाश डाला। स्वाध्याय के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य सुनील चौधरी द्वारा किया गया।

## छठ के उपलक्ष्य में यमुनाजी का दुग्धाभिषेक व दीपदान उत्सव का हुआ भव्य आयोजन



एनएनआई

**आगरा।** गुरु वशिष्ठ मानव सर्वांगीण विकास सेवा समिति के तत्वावधान में यमुना शुद्धिकरण जनचेतना महाअभियान के तहत टीम यमुना शुद्धिकरण जनचेतना महाअभियान के नेतृत्व में चैत्र मास के इस पावन दिवस में यमुना छठ के उपलक्ष्य में माँ यमुना जी के दुग्धाभिषेक, महा आरती एवं दीप दान के कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा भाव के साथ हाथी घाट, यमुना किनारे शाम 6 बजे से आयोजित किया गया। उत्सव में भारी संख्या में यमुना प्रेमियों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ यमुना जी का पूजन कराया गया। दीपदान के दौरान अलौकिक दृश्य नजर आया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आगरा महापौर श्रीमती हेमलता दिवाकर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान संस्थाध्यक्ष एवं सत्याग्रही पं. अश्वनी कुमार मिश्र ने बताया कि यमुना प्रेमियों के सहयोग से हाथी घाट यमुना किनारे पर काफी कार्य किए जा चुके हैं। यमुना मैया के पुराने रूप को लौटाने के लिए हम काफी वर्षों से प्रयासरत है। उन्होंने यमुना पर बैराज के निर्माण को काफी जरूरी बताया। जनप्रतिनिधियों से भी यमुना मैया की ओर ध्यान देने के लिए उन्होंने मांग की है। उत्सव में प्रमुख रूप से विशिष्ट अथिति टीकम सिंह, मुकेश शर्मा (मजिस्ट्रेट), पार्षद अनुराग चतुर्वेदी, पार्षद मधु माहौर, संस्थाध्यक्ष पंडित अश्विनी मिश्र, सचिव डॉ धीरज मोहन सिंघल, उपाध्यक्ष पी के गुप्ता, समाजसेवी एवं यमुना प्रेमी संजय गोयल एवं सदस्य गोवेर्धन सुनेजा, सुधीर पचौरी, मानबहादुर, प्रमोद पांडेय, राजेश कुमार, अजय कौशल, प्रमोद शर्मा, शिप्रा अग्रवाल, उज्वला ठाकुर, अलका सिंह शर्मा, अंजू शर्मा, अनुराधा गुप्ता, गौरव शर्मा, राम भरत, सोनू शर्मा आदि यमुना भक्त उपस्थित रहे।

# उठो दयानन्द के सिपाहियों समय पुकार रहा...

एनएनआई

**आगरा।** विजय नगर स्थित विजय क्लब में आर्य समाज के 149वें स्थापना दिवस पर आर्यजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कन्या गुरुकुल महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. पवित्रा विद्यालंकार ने वाद्य यंत्र हारमोनियम के तरानों पर उठो दयानन्द के सिपाहियों समय पुकार रहा.., ए ऋषि याद आए जमाना तेरा... आदि भक्ति गीतों की प्रस्तुति से संकीर्तन को नयी ऊंचाई पर पहुंचा दिया। उपदेशक उमेश कुलश्रेष्ठ ने कहा कि वेद को मानना ईश्वर की आज्ञा का पालन करना है। वेदों के दिखाए मार्ग पर अग्रसर होकर ही उच्च कोटी के समाज का निर्माण किया जा सकता है। आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती ने आगरा में स्वयं आर्य समाज की




स्थापना की थी। कार्यक्रम संयोजक मनोज खुराना ने बताया कि प्रातः 8 बजे चारो वेदो के मंत्रोच्चारण से 21 कुण्डीय महायज्ञ में आहुति देकर विश्व शांति की कामना की। आर्य समाज में लगातार अतुलनीय सहयोग देने के लिए दो दर्जन आर्यजनो को सम्मानित किया गया। पिछले तीन वर्ष में आर्य समाज के प्रचार प्रसार को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विमल अग्रवाला को आर्यजन सम्मान से सम्मानित किया गया। संचालन मंत्री अश्वनी आर्य ने किया। इस अवसर पर प्रधान एडवोकेट विजय पाल सिंह चौहान, विजय अग्रवाल, राजीव दीक्षित, सुधाकर गुप्त, वीरेंद्र कनवर, यतेंद्र आर्य, अवनींद्र गुप्ता, राहुल आर्य, कांता बंसल, प्रेमा वर्मा, संगीता खुराना, नीलम दीक्षित आदि मौजूद रही।

## 'मैदान' को मिला रविवार का फायदा फिल्म ने चौथे दिन लगाई लंबी छलांग



**अजय** देवगन और प्रियामणि स्टारर फिल्म 'मैदान' ईद के खास दिन पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से अच्छा-खासा रिस्पॉन्स भी मिला। फिल्म देखने के बाद ऑडियंस ने अजय देवगन के अभिनय की भी जमकर तारीफ की और यही वजह है कि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अच्छी चल रही है। हालांकि, ओपनिंग डे पर धीमी शुरूआत के बाद भी अमित शर्मा के निर्देशन में बनी स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म अब हर दिन अच्छी कमाई कर रही है। वीकेंड पर इस मूवी ने अच्छा कलेक्शन कर लिया है। अब इसके चौथे दिन की कमाई भी समाने आ गई है। चलिए जानते हैं फिल्म ने रविवार को कितने नोट छापे हैं। आम लोगों के साथ-साथ बॉलीवुड के भी कई सितारों ने 'मैदान' का रिव्यू किया था और अजय की तारीफ की थी। इस फिल्म को माउथ पब्लिसिटी का फायदा मिला है। ऐसे में यह अब बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने अपने ओपनिंग डे पर सिर्फ 7 करोड़ रुपये के आसपास की कमाई की थी। इसके बाद दूसरे दिन फिल्म ने 2.75 करोड़ रुपये का बिजनेस किया। शनिवार को मैदान ने 5.75 करोड़ रुपये कमाए और अब रविवार को भी इसने ऊंची छलांग लगाई है। सैकनिल्क के अर्ली ट्रेंड के मुताबिक, 'मैदान' ने रिलीज के चौथे दिन 6.25 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। ऐसे में इसकी टोटल कमाई 21.85 करोड़ रुपये की हो गई है। हालांकि, ये अभी शुरूआती आंकड़े हैं, सुबह तक इनमें बदलाव भी हो सकता है। बता दें कि बॉक्स ऑफिस पर अजय देवगन स्टारर 'मैदान' का सामना अक्षय कुमार-टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' से हुआ है। उनकी ये मूवी भी ईद के मौके पर सिनेमाघरों में आई है।

## तलाक की खबरों के बीच नेहा ने पति रोहनप्रीत के साथ किया खुल्लम-खुल्ला रोमांस



नेहा कक्कड़ और रोहनप्रीत सिंह ने बीते दिन उत्तरांचल यूनिवर्सिटी के यूवा फेस्ट 2024 में कॉन्सर्ट किया है। कॉन्सर्ट में जाते हुए नेहा कक्कड़ ने अपने इंस्टाग्राम पर वीडियो स्टोरी शेयर किया था। नेहा ने स्टोरी में बताया था की वो उत्तरांचल यूनिवर्सिटी में कॉन्सर्ट के लिए जा रही हैं। नेहा ने जो वीडियो स्टोरी शेयर की थी उसमें वह अकेली ही दिख रहीं थीं। इस कॉन्सर्ट के कुछ लाइव वीडियो की क्लिप रोहनप्रीत सिंह ने अपने ऑफिसियल इंस्टाग्राम फीड पर शेयर किया है। सिंगर के इस वीडियो में हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ दिख रही है। इस वीडियो में नेहा और रोहन साथ में परफॉर्म करते हुए नजर आ रहे हैं। कपल की परफॉर्मेंस को लोग एन्जॉय करते हुए डांस और मस्ती कर रहे हैं। रोहन द्वारा शेयर किए गए वीडियो में वो अपनी पत्नी नेहा कक्कड़ के साथ स्टेज पर गाना गाने के साथ ही रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं। नेहा कक्कड़ और रोहनप्रीत सिंह के तलाक की खबरें आ रही थीं। कपल के तलाक की खबरों से उनके फैंस परेशान थे। नेहा और रोहन के लेटेस्ट कॉन्सर्ट के वीडियोज और फोटोज को देखते हुए लगता है की कपल के बीच सब कुछ ठीक है। कपल के लेटेस्ट पोस्ट ने तलाक की खबरों पर ताला लगा दिया है।

## उर्फी जावेद ने पहना 100 किलो का गाउन!



**सोशल** मीडिया संसेशन उर्फी जावेद आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उर्फी का अनोखा फैशन उन्हें लोगों के बीच खूब वाहवाही दिलाता है। उर्फी जावेद इन दिनों अपनी डेब्यू फिल्म 'एलएसडी 2' को लेकर चर्चा में है। बीते दिनों फिल्म 'एलएसडी 2' का बोल्ड ट्रेलर रिलीज हुआ था, जिसमें उर्फी की भी झलक देखने को मिली थी। वहीं अब उर्फी अपनी इस फिल्म का प्रमोशन अलग अंदाज में करती नजर आ रही हैं। शनिवार को उन्हें मुंबई में अजीबो-गरीब नीले रंग के गाउन में देखा गया। यह गाउन परे 100 किलो का बताया जा रहा है। इसे बनाने में करीब 450 मीटर कपड़ा लगा है और पूरे आउटफिट को बनाने में दो-तीन महीने लगे। इसे 10-11 लोगों ने मिलकर बनाया है। उर्फी ने अपने इस नए लुक को अपने सोशल मीडिया साइट इंट्राग्राम पर शेयर किया है। उर्फी जावेद के लाखों चाहने वाले हैं, तो वहीं कुछ यूजर्स उन्हें उनकी अतरंगी ड्रेस के लिए ट्रोल भी करते आए हैं। इस बार उर्फी का लुक किसी रेड कार्पेट लुक से कम नहीं है। उर्फी ने सिर्फ कुछ घंटों पहले ही अपनी इस पोस्ट को शेयर किया है। साथ ही उर्फी जावेद ने लिखा, ''मैं जहां खड़ी होती हूं, वहीं से रेट कार्पेट शुरू होता है। बदला लेने का बेहदतर तरीका है फैशन।'' इन तस्वीरों में उर्फी ने बेहद ही लंबा गाउन पहन रखा है। इस गाउन में उर्फी अलग-अलग पोज देती नजर आईं। उनका यह अंदाज किसी का भी दिल जीत लेगा। उर्फी के फैंस उन्हें लगातार सोशल मीडिया पर इस लुक के लिए कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, ''थैंक्यू उर्फी हमें रोज फ्री में मेट गाला दिखाने के लिए''। तो वहीं एक और यूजर ने लिखा, ''मेट गाला पर जाना था यह ड्रेस पहनकर''। एक और फैन ने लिखा, ''मुझे यह आउटफिट बेहद पसंद आया।'' तो एक फैन ने लिखा, ''100 तोपों की सलामी''।

## नयनतारा को मिली 'डियर स्टूडेंट्स'

**अभिनेत्री** नयनतारा के पास फिल्मों की कोई कमी नहीं है। फिल्म जवान में नयनतारा के अभिनय की जमकर तारीफ हुई। नयनतारा के पास फिल्मों के कई ऑफर्स हैं। नयनतारा ने हिंदी, तमिल, तेलुगू और मलयालम फिल्म की भाषाओं में काम किया है। इसी लिस्ट में एक और फिल्म शामिल होने जा रही है। अब नयनतारा मलयालम फिल्म 'डियर स्टूडेंट्स' में नजर आएंगी। इस फिल्म में अभिनेता निविन पॉली के साथ नयनतारा की जोड़ी पांच साल बाद देखने को मिलेगी। इससे पहले दोनों ने रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'लव एक्शन ड्रामा' में साथ काम किया था। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर लोगों के मिले जुले रिव्यू मिले थे। 2019 के बाद नयनतारा और अभिनेता निविन पॉली की जोड़ी फिल्म 'डियर स्टूडेंट्स' नजर आने वाली है। यह एक एक्शन-ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म में नयनतारा और निविन पॉली अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म को संदीप कुमार और जॉर्ज फिलिप निर्देशित कर रहे हैं। इस फिल्म के प्रोडक्शन की जिम्मेदारी पॉली जूनियर पिक्चर और राउडी पिक्चर्स के ऊपर है। फिल्म के अभिनेता निविन ने फिल्म में नयनतारा का स्वागत करते हुए एक पोस्ट साझा किया है। निविन ने लिखा, 'मजेदार और मनोरंजक की दुनिया में डियर स्टूडेंट्स के साथ जुड़ी हैं, अविश्वसनीय, हमेशा चमकती हुई नयनतारा।'' इसके साथ ही इस फिल्म का एक पोस्टर भी शेयर किया है, जो कि नीले और लाल रंग का है, जिस पर अमेरिकन डंझे के साथ कई सितारे दिखाई दे रहे हैं। नयनतारा को मलयालम फिल्म में आखिरी बार 2022 की 'गोल्ड' में देखा गया था। इस फिल्म में नयनतारा के साथ पृथ्वीराज सुकुमारन की जोड़ी नजर आई थी। इसके अलावा नयनतारा तमिल फिल्म 'इराइवन' और 'अन्नपूर्णानीः द गॉडेस ऑफ फूड' में नजर आई थी। साल 2023 में नयनतारा अभिनेता शाहरुख खान के साथ फिल्म 'जवान' में नजर आई थी। नयनतारा ने 'जवान' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।



# खूब लड़े रोहित पर जीती चेन्नई

## महेन्द्र सिंह धोनी के 20 रन रोहित शर्मा के शतक पर पड़े भारी, मुंबई को हराया





**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस को 20 रन से हराकर अंक तालिका में आठ अंकों के साथ कोलकाता नाइट राइडर्स की बराबरी कर ली है। टीम 0.726 के नेट रनरेट के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। वहीं, मुंबई की टीम चार अंकों के साथ आठवें पायदान पायदन पर बनी है। आईपीएल के 29वें मैच में सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट खोकर 206 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 186 रन बनाए। मुंबई की शुरूआत इस मैच में दमदार हुई थी। ईशान किशन और रोहित शर्मा के बीच पहले विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी हुई। पथिराना ने एमआई के खिलाफ घातक गेंदबाजी की। उन्होंने इस मुकाबले में चार विकेट हासिल किए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए सूर्या को 21 वर्षीय गेंदबाज ने शून्य पर आउट किया। वह बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इसके बाद तिलक वर्मा और हिटमैन के बीच तीसरे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी हुई। वह पांच चौकों की मदद से 31 रन बनाने में कामयाब हुए। इस मुकाबले में हार्दिक पांड्या का बल्ला नहीं चला। उन्होंने सिर्फ दो रन बनाए और आउट हो गए। तुषार देशपांडे ने उन्हें अपना शिकार बनाया। चेन्नई के खिलाफ टिम डेविड ने 13 रन, रोमारियो शेफर्ड ने एक रन और मोहम्मद नबी चार रन बनाकर नाबाद रहे।

### रोहित ने लगाया आईपीएल करियर का दूसरा शतक

इस मुकाबले में मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने दमदार प्रदर्शन किया और अपने आईपीएल करियर का दूसरा शतक लगाया। उन्होंने 60 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। इस मैच में 36 वर्षीय बल्लेबाज ने 63 गेंदों में 11 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 105 रन बनाए। हालांकि, वह अपनी टीम को लगातार तीसरी जीत नहीं दिला सके। चेन्नई के लिए इस मैच में मथीशा पथिराना ने चार विकेट लिए जबकि तुषार देशपांडे और मुस्तफिजुर रहमान ने एक-एक विकेट हासिल किया।

### गायकवाड़ और शिवम ने लगाए अर्धशतक

मुंबई के खिलाफ खेले गए मैच में ऋतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने अर्धशतक लगाए। चेन्नई की शुरुआत अच्छी नहीं हुई थी। सलामी बल्लेबाजी के लिए आए अजिंक्य रहाणे सिर्फ पांच रन बनाकर पवेलियन लौटे। वहीं, रचिन रवींद्र भी 21 रन बना सके। इसके बाद तीसरे विकेट के लिए दुबे और गायकवाड़ के बीच 90 रन की साझेदारी हुई, जिसे हार्दिक पांड्या ने तोड़ा। उन्होंने सीएसके के कप्तान को 150 रन के स्कोर पर आउट किया। ऋतुराज ने इस मैच में 40 गेंदों का सामना किया और 69 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से पांच चौके और पांच छक्के निकले।

### आखिरी ओवर में धोनी ने ली पांड्या की क्लास

टीम को चौथा झटका डेरिल मिचेल के रूप में लगा। वह 17 रन बनाकर लौटे। आखिरी ओवर की पहली गेंद पर पांड्या ने उन्हें नबी के हाथों कैच कराया। छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए धोनी ने आखिरी चार गेंदों में 20 रन बनाए। उन्होंने लगातार तीन गेंदों पर तीन छक्के जड़े। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 500 का रहा। फैंस धोनी को मैदान पर देखकर गद-गद हो गए।

## महेंद्र सिंह धोनी ने रचा इतिहास, कोहली की बराबरी

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े में खेले जा रहे मैच में उतरते ही एक खास उपलब्धि अपने नाम कर ली। धोनी का टी20 इतिहास में किसी एक टीम के लिए यह 250वां मुकाबला था। भारतीय क्रिकेट इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में शामिल धोनी ने इस मामले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली की बराबरी कर ली। कोहली हाल ही में आरसीबी के लिए 250 मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने थे। इन दोनों खिलाड़ियों के अलावा कोई भी अबतक यह उपलब्धि हासिल नहीं कर सका है। धोनी आईपीएल और चैंपियंस लीग में सीएसके के लिए खेले हैं। हालांकि दो सीजन तक धोनी ने राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स का प्रतिनिधित्व किया था क्योंकि दो साल के लिए सीएसके को बैन कर दिया गया था। धोनी 2008 में आईपीएल की शुरूआत से ही चेन्नई सुपर किंग्स से जुड़े हुए हैं। सीएसके ने पहले सीजन के लिए हुई नीलामी में धोनी को खरीदा था। धोनी इस टूर्नामेंट के सबसे सफल कप्तान हैं। धोनी के नेतृत्व में चेन्नई सुपर किंग्स ने पांच बार आईपीएल का खिताब जीता है। धोनी की कप्तानी में सीएसके की टीम 2010, 2011, 2018, 2021 और 2023 में विजेता बनकर उभरी है। यह दशार्ता है कि धोनी की लीडशीप क्षमता कितनी मजबूत है। हालांकि आईपीएळ 2024 सीजन की शुरूआत से ठीक पहले धोनी ने सीएसके की कमान छोड़ दी थी और उनकी जगह ऋतुराज गायकवाड़ इस सीजन सीएसके की कप्तानी कर रहे हैं।

# केकेआर ने लखनऊ पर हासिल की अपनी पहली जीत



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट की नाबाद अर्धशतकीय पारी की मदद से लखनऊ सुपरजाएंट्स (एलएसजी) को आठ विकेट से हराया। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 161 रन बनाए थे, लेकिन केकेआर ने सॉल्ट के 47 गेंदों पर 14 चौकों और तीन छक्कों की मदद से खेली नाबाद 89 रनों की पारी की मदद से 15.4 ओवर में दो विकेट पर 162 रन बनाकर मैच जीत लिया। आईपीएल इतिहास में इससे पहले केकेआर की टीम अबतक लखनऊ को नहीं हरा पाई थी, लेकिन उसने अपने होम ग्राउंड ईडन गार्डेंस पर केएल राहुल की अगुआई वाली टीम के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज की। केकेआर और लखनऊ के बीच इससे पहले आईपीएल में तीन मुकाबले खेले गए थे और तीनों ही मैच लखनऊ ने अपने नाम किए थे। यहां तक कि पिछले साल ईडन गार्डेंस पर दोनों टीमों के बीच खेला गया मुकाबला भी लखनऊ ने एक रन से जीता था, लेकिन इस बार शानदार लय में दिख रही कोलकाता ने लखनऊ को मात देने में देरी नहीं की और एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की। केकेआर के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर 38 गेंदों पर 38 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि लखनऊ के लिए दोनों विकेट तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने झटके। कोलकाता की टीम को पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन टीम ने होम ग्राउंड पर जीत दर्ज कर वापसी की। कोलकाता ने अबतक पांच मैचों में सिर्फ एक ही मैच गंवाया है, जबकि चार मैच जीते हैं।

केकेआर की टीम आठ अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर बनी हुई है, जबकि केएल राहुल की अगुआई वाली लखनऊ को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा और टीम छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ छह अंक लेकर तालिका में पाचवें स्थान पर है। इस मैच से आईपीएल में डेब्यू करने वाले वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शामार जोसेफ की शुरूआत अच्छी नहीं रही। लखनऊ ने केकेआर के खिलाफ पहला ओवर डालने जोसेफ को भेजा, लेकिन उनके इस ओवर से कोलकाता ने 22 रन जुटाए।

## चयन ट्रायल में अंजू ने जीता रजत

**बिश्केक।** हाल ही में चयन ट्रायल में भारत की शीर्ष महिला पहलवान विनेश फोगाट को 53 किग्रा वर्ग में हराकर सुर्खियां बटोरने वाली रेलवे की पहलवान अंजू और हर्षिता ने किर्गिस्तान के बिश्केक में एशियन चैंपियनशिप में अपने-अपने वर्गों में रजत पदक जीता। इन दोनों पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन कर फाइनल में जगह बनाई थी और उम्मीद थी कि वे स्वर्ण पदक लाएंगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका और दोनों पहलवानों को रजत से संतोष करना पड़ा। अंजू ने फाइनल मुकाबले को छोड़कर हर राउंड में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। रेलवे की पहलवान अंजू ने फिलीपींस की आलिया रोज गावलेज और श्रीलंका की नेथमी अहिंसा फर्नांडो पर तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की थी। सेमीफाइनल में हालांकि उन्हें चीन की चेन लेई से कड़ी टक्कर मिली, लेकिन वह यह मुकाबला 9-6 से जीतने में सफल रही थीं। फाइनल में अंजू का सामना उत्तर कोरिया की जि हयांग किम से हुआ, लेकिन सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह रही कि अंजू फाइनल में एक भी अंक अर्जित नहीं कर सकीं और तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर उन्हें स्वर्ण पदक मुकाबला में हार मिली।

## 15 अप्रैल 2024 का राशिफल

**मेष राशि:-** आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है। करियर को लेकर यदि आप परेशान चल रहे थे, तो आपकी वह चिंता व्यर्थ होगी। धन संबंधित मामलों में आपको ससुराल पक्ष से कोई मदद मिलती दिख रही है। आपके सुख साधनों में वृद्धि होगी। आप किसी संपत्ति की खरीदारी को लेकर हस्ताक्षर बहुत ही सोच समझकर करें।

**वृष राशि:-** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपके सहयोगी आपका पूरा साथ देंगे। आपको संतान के काम को लेकर प्रोत्साहन देना होगा। पारिवारिक मामलों को आप घर में ही निपटाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**मिथुन राशि:-** आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। राजनीति में कार्यरत लोगों के काम की सराहना होगी। यदि आपने अपने काम को किसी के भरोसे छोड़ा, तो उसमे कोई गड़बड़ी हो सकती है।

**कर्क राशि:-** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम के होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप परिवार के सदस्यों के साथ मिल बैठकर पारिवारिक समस्याओं को लेकर बातचीत करेंगे।

**सिंह राशि:-** आज का दिन आपके लिए उलझन लेकर आएगा। आप बिजनेस में कोई बड़ा जोखिम उठाने से बचें। शेयर मार्केट की ओर रुख कर रहे लोग किसी अनुभवी व्यक्ति के सलाह मश्वरा करके निवेश करें। आप अपनी पारिवारिक समस्याओं को घर व बाहर न जाने दें। भाग्य का सितारा तो आज बुलंद रहेगा।

**कन्या राशि:-** आज का दिन आपके लिए कला व कौशल में सुधार लेकर आएगा। आपको छुटपुट लाभ की योजनाओं पर भी पूरा ध्यान देना होगा। किसी काम के चलते आपको अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहे लोग किसी संपत्ति खरीदारी कर सकते हैं।

**तुला राशि:-** आज का दिन आपके लिए कठिनाइयों भरा रहेगा। आपको अपनी मेहनत में कोई कसर नहीं छोड़नी है। सरकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों को कुछ योजनाओं का भी पूरा लाभ मिलेगा। राजनीति में कार्यरत लोग किसी बड़े नेता से मिल सकते हैं।

**वृश्चिक राशि:-** आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्ण रहने वाला है। आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश करेंगे। आपको करियर में एक अच्छा उछाल देखने को मिलेगा।

**धनु राशि:-** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपके दिए गए सुझावों का स्वागत होगा। आप काम को लेकर कुछ योजना बनाएंगे। आपकी कुछ जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, जिनसे आपको घबराने की आवश्यकता नहीं है। आप किसी अनुभवी व्यक्ति से काम को लेकर कोई सलाह मश्वरा कर सकते हैं।

**मकर राशि:-** आज का दिन आपके लिए प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों की छवि और निखरेगी। बंधुत्व की भावना को बल मिलेगा। परिवार में किसी सदस्य से किए हुए वादे को पूरा करें अन्यथा वो नाराज हो सकते हैं।

**कुंभ राशि:-** आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आपको रुपए पैसे से संबंधित मामलों में सावधान रहने की आवश्यकता है। आपको किसी पुराने निवेश से अच्छा लाभ मिलेगा।

**मीन राशि:-** आज आप लंबे समय से रुके हुए काम को पूरा करेंगे। आप विश्वास से भरपूर रहेंगे। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। आप अपनी वाणी व व्यवहार से घर व बाहर लोगों का दिल आसानी से जीत पाएंगे।

# मरीजों को दी चिकित्सीय सलाह और दवा

- होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर ने जगाई आस, अनुवांशिक मरीजों को मिल रहा लाभ
- भाविप सर्वोदय और रे ऑफ होप ने लगाया त्रिमासिक होम्योपैथिक महाशिविर



एनएनआई

**आगरा।** भारत विकास परिषद सर्वोदय शाखा और रे ऑफ होप होम्योपैथिक वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में बल्केश्वर स्थित गणेशराम नागर विद्यालय में होम्योपैथिक महाशिविर लगाया गया। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शिवशंकर मितवार ने बताया कि रे ऑफ होप की 30 चिकित्सकों की टीम के साथ मेगा मेडिकल कैम्प लगाया है। इसमें त्रिमासिक शिविर में निःशुल्क पैदाइशी मानसिक और शारीरिक पक्षाघात, अनुवांशिक रोग, भेंगापन, गूंगापन, बेहरापन, अंधापन, उदंड व्यवहार और अविकसित बच्चों को चिकित्सीय परामर्श दिया। अधिकतम मरीजों में मां की केस हिस्ट्री जानकर ही दवा दी गई। सर्वोदय के अध्यक्ष अजय गोयल ने बताया कि इस कैम्प को लगाने का मुख्य उद्देश्य विशेष बच्चों को बेहतर इलाज उपलब्ध करना है। महाशिविर में 150 पुराने और 76 नए मरीजों का रजिस्ट्रेशन कर चिकित्सीय सलाह और निःशुल्क दवा दी गयी। अगला शिविर 14 जुलाई 2024 को लगेगा। इस अवसर पर डॉ. नितिन वर्मा, डॉ. ललित गोला, डॉ. अंकित त्यागी, श्याम सुन्दर माहेश्वरी, मनीष बंसल, मनीषा गोयल, मनोज गर्ग, मयंक अग्रवाल, पवन अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, मनीष गोयल, अनूप अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, अतुल गोयल, रविंद्र गोयल आदि मौजूद रहे

# श्रीजी को अस्थाई वेदी पर किया विराजित

**आगरा (एनएनआई)।** गांव कठवारी में छह सौ वर्ष प्राचीन अतिशयकारी श्री 1008 महावीर दिगम्बर जैन मन्दिर में मूलनायक कठवारी वाले बाबा (महावीर भगवान) की वेदी के जीर्णउद्धार के लिए अस्थाई वेदी पर श्रीजी को विधि विधान से विराजित किया गया। वेदी की प्रतिष्ठा पंडित विजय जैन द्वारा संपन्न कराई गई। इस मौके पर प्रदीप जैन सीए, रोहित जैन, चक्रेश जैन, आशु जैन, अनन्त जैन, विकास जैन आदि मौजूद रहे।



# हैप्पी बर्थडे यमुना मैया

- रिवर कनेक्ट कैंपेन ने मनाया यमुना मां का बर्थडे

एनएनआई

**आगरा।** यमुना छठ के अवसर पर रिवर कनेक्ट कैंपेन सदस्यों ने यमुना मैया का अवतरण दिवस आरती स्थल पर मनाया। इस मौके पर विशेष आरती अभिनव श्रोत्रिय ने कराई और केक काटकर भजन गाए। रिवर कनेक्ट कैंपेन के संयोजक ब्रज खंडेलवाल ने कहाकि यमुना नदी की दुर्दशा से राजनैतिक दल उदासीन है। कोई भी पार्टी नदियों के शुद्धिकरण की बात नहीं कर रही हैं। आगरा में बैराज को लेकर कोई भी नेता गंभीर नहीं है। इस अवसर पर चतुर्भुज तिवारी, राहुल राज, शहतोष गौतम, मीरा खंडेलवाल, दीपक राजपूत, शशिकांत उपाध्याय, देवाशीष भट्टाचार्य, देवेंद्र गौतम, दीपक जैन आदि मौजूद रहे।



# प्रभु संभवनाथ को भक्तों ने चढ़ाया निर्वाण लाडू

- मोती कटरा जैन मंदिर में मनाया गया कल्याणक महोत्सव



एनएनआई

**आगरा।** मोती कटरा स्थित श्री संभवनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में श्री 1008 संभवनाथ भगवान के मोक्षकल्याणक दिवस पर निर्वाण लाडू महोत्सव का आयोजन किया गया। भक्तों ने सर्वप्रथम स्वर्ण कलशों से सभी प्रतिमाओं का अभिषेक कर वृहद शांतिधारा की। विधानाचार्य सुनील जैन शास्त्री ने अष्ट द्रव्य के साथ संगीतमय संभवनाथ विधान किया। सभी भक्तों ने अपने हाथों में चंबर लेकर नृत्य किया। इसके बाद श्रावक-श्राविकाओं ने निर्वाण कांड का पाठ कर संभवनाथ भगवान के समक्ष 3 किलो का निर्वाण लाडू अर्पित किया। समापन पर मंगल आरती की गई। इस मौके पर राकेश जैन, अनिल जैन, अनंत जैन, अमित जैन, रिषभ जैन, विजय जैन, विनोद जैन, विकास जैन, संजीव जैन, विवेक जैन, नीरज जैन, हुकम जैन, दीपक जैन, मीडिया प्रभारी शुभम जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

# पगड़ी दिवस का महिलाओं में भी दिखा जोश

- अकाल पुरख की आगरा इकाई ने धूमधाम से मनाया पगड़ी दिवस

एनएनआई

**आगरा।** अकाल पुरख की फौज एसजीपीसी आगरा इकाई द्वारा पगड़ी दिवस मनाया गया। तिरंगा चौक अजीत नगर पर झंडारोहण कर राष्ट्र गान गाया। इस दौरान सर्व समाज के व्यक्तियों को पगड़ियां बांधी गईं। धर्म कोई भी हो उसके लिए पगड़ी का एक अलग महत्व है जो वक्त के अनुसार कहीं खो गई है। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी पगड़ी बंधवाई। गौरतलब है कि 13 अप्रैल 2004 से अंतरराष्ट्रीय पगड़ी दिवस मनाने की शुरूआत हुई। आगरा में इसकी शुरूआत अकाल पुरख की फौज ने की। इस मौके पर फौज के उप्र इकाई के प्रभारी राणा रणजीत सिंह, परमात्मा सिंह एडवोकेट, समन्वयक बंटी ग्रोवर, मलकीत सिंह, परविंदर सिंह, जसपाल सिंह, जसविंदर सिंह, अर्जुन दीप सिंह, मनप्रीत कौर, जयदीप सिंह, प्रतिपाल सिंह, प्रभनीत सिंह, निधि अरोरा आदि मौजूद रहे।






